दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 28
पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00
जयपुर, शनिवार, 06 जनवरी, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष- दशमी, विसं 2080




जयपुर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यालय में विधायकों से किया संवाद और कहा...

# BJP के कामों को जनता तक ले जाएं जनप्रतिनिधि

**प्रधानमंत्री मोदी के सामने सीएम की घोषणा... 'इंदिरा रसोई योजना' अब होगी 'श्री अन्नपूर्णा रसोई'**

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित संकल्प भारत यात्रा के जरिए सभी कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि केंद्र सरकार की ओर से पिछले साढ़े 9 सालों में किए गए कामों को लोगों तक पहुंचाएं। जो लोग केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित हैं, उन्हें योजनाओं से जोड़ें। वहीं, जिन्हें योजना का लाभ मिला है, उनके जरिए योजनाओं का प्रचार-प्रसार करवाया जाए।

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर भी पीएम ने नेताओं से कहा- हर घर में 5 दीपक जलाए जाएं। पीएम मोदी ने यह बात शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में विधायकों के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान कही। डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह जयपुर पहुंचे। जयपुर एयरपोर्ट पर राज्यपाल कलराज मिश्र व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इनके साथ डीजीपी यूआर साहू, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित कई बीजेपी नेता भी मौजूद रहे। पीएम एयरपोर्ट से सीधे भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। यहां मोदी ने विधायकों, मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा की।

### सीएम बोले-सस्ते भोजन की पुरानी योजना में कई खामियां

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इंदिरा रसोई योजना का नाम बदल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि पुरानी योजना में कई खामियां थीं। योजना का नाम श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना रखा गया है।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान

पीएम की बैठक का मुख्य फोकस केंद्र सरकार की बड़ी स्कीम्स का ग्राउंड पर प्रचार करने के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों और राज्य सरकार के भावी कार्यक्रमों पर रहा। इसके अलावा पीएम ने फ्लैगशिप योजनाओं और नमो ऐप को लेकर भी विधायकों से संवाद किया। पीएम ने विधायकों-पदाधिकारियों के साथ डिनर भी किया। डिनर में श्रीअन्न (मोटे अनाज) से बनी डिशेज को शामिल किया गया।

### लगे जय श्री राम के नारे

प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी पहली बार बीजेपी मुख्यालय में बैठक लेने पहुंचे थे। मोदी शाम 6 से रात 9 बजे तक बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में रहे। भाजपा प्रदेश कार्यालय से जब पीएम रवाना हुए तो विधायकों ने मोदी-मोदी और एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के नारे लगाए। मोदी रात को राजभवन में विश्राम किया।

सीएम भजनलाल को गृह सहित 8, डिप्टी सीएम दीया कुमारी को वित्त सहित 6 और प्रेमचंद को परिवहन समेत 4 महकमों की जिम्मेदारी

# राज्य के मंत्रियों को मिले विभाग

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के छह दिन बाद आखिरकार विभागों का बंटवारा हो गया। पीएम नरेंद्र मोदी के शुक्रवार शाम को जयपुर पहुंचने से करीब 2 घंटे पहले मंत्रियों को विभागों का जिम्मा सौंपा गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पास कार्मिक और गृह सहित 8 बड़े विभाग रहेंगे। डिप्टी सीएम दीया कुमारी को वित्त के साथ छह विभाग दिए गए हैं। डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को परिवहन के साथ चार विभागों का जिम्मा सौंपा गया हैं। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को कृषि और ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन व जन अभाव अभियोग विभाग दिया हैं। गजेंद्र सिंह खींवसर को चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 30 दिसंबर 22 मंत्रियों ने शपथ ली थी। इसके बाद से विभाग के बंटवारे को लेकर एक्सरसाइज शुरू कर दी गई थी। गौरतलब है कि भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल में 22 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी। इनमें 12 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), 5 राज्य मंत्री हैं। राज्य में मंत्री के 5 पद खाली रखे गए हैं। विधायकों की संख्याबल के हिसाब से यहां अधिकतम 30 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

■ पेज 2 भी देखें

## राठौड़ को उद्योग और किरोड़ी को ग्रामीण विकास



**उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी**
(6 विभाग)
वित्त विभाग, पर्यटन विभाग, कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व विभाग,सार्वजनिक निर्माण विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग।

**सीएम भजन लाल**
(8 बड़े विभाग)
गृह विभाग, कार्मिक विभाग, आबकारी विभाग, आयोजना विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, नीति निर्धारण प्रकोष्ठ- मुख्यमंत्री सचिवालय, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी)।

**उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा**
(4 विभाग)
तकनीकी शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, आयुर्वेद, योग, व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी विभाग, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग।

**डॉ.किरोड़ी लाल मीणा**
(6 विभाग)

कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग व जन अभियोग निराकरण विभाग।

**गजेंद्र सिंह खींवसर**
(2 विभाग)

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं (ईएसआई)।


**कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़**
(6 विभाग)

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, युवा मामले और खेल विभाग, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग तथा सैनिक कल्याण विभाग।



**मदन दिलावर**
(3 विभाग)
विद्यालयी शिक्षा विभाग (स्कूल एजूकेशन),पंचायती राज विभाग संस्कृत शिक्षा विभाग।

**कन्हैयालाल चौधरी**
(2 विभाग)
जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, भू-जल विभाग।

**जोगाराम पटेल**
(4 विभाग)
संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य विभाग और विधि परामर्शी कार्यालय व न्याय विभाग।



**सुरेश सिंह रावत**
(2 विभाग)
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन (आयोजना ) विभाग।



**जोराराम कुमावत**
(3 विभाग)
पशुपालन एवं डेयरी विभाग,गोपालन विभाग, देवस्थान विभाग।




**अविनाश गहलोत** (1 विभाग)
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग।

**सुमित गोदारा** (2 विभाग)
खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग व उपभोक्ता नामले विभाग।




**बाबूलाल खराड़ी** (2 विभाग)
जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग,गृह रक्षा विभाग।

**हेमंत मीणा** (2 विभाग)
राजस्व विभाग व उपनिवेशन विभाग।

### राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)



**सुरेंद्रपाल सिंह टी. टी.** (5 विभाग)
- कृषि विपणन विभाग
कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभाग, इंदिरा गांधी नहर विभाग व अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग।






**संजय शर्मा** (4 विभाग)
- वन विभाग, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग।

**झाबर सिंह खर्रा** (2 विभाग)
- नगरीय विकास विभाग व स्वायत्त शासन विभाग।

**गोतम कुमार** (2 विभाग)
- सहकारिता विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग।

**हीरालाल नागर** (1 विभाग)
- ऊर्जा विभाग

### राज्य मंत्री

**ओटाराम देवासी** (4 विभाग)
- पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग





**विजय सिंह** (3 विभाग)
- राजस्व विभाग,उपनिवेशन विभाग, सैनिक कल्याण विभाग।



**डॉ. मंजू बाघमार** (3 विभाग)
- सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा बाल अधिकारिता विभाग।



**के. के. विश्नोई** (4 विभाग)
- उद्योग एवं वाणिज्य विभाग,युवा मामले और खेल विभाग, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग तथा नीति निर्धारण विभाग।



**जवाहरसिंह बेडम** (4 विभाग)
- गृह विभाग, गोपालन विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्य विभाग।

DG-IG कॉन्फ्रेंस का गृह मंत्री ने किया आगाज

# तीन नए कानून सजा के बजाय न्याय प्रदान करने वाले: शाह


जयपुर में सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नए कानून सजा के बजाय न्याय प्रदान करने वाले हैं। कानूनों के कार्यान्वयन से हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली सबसे आधुनिक और वैज्ञानिक होगी। शाह ने कहा कि हमने पहली नई शिक्षा नीति का निर्माण तथा ब्रिटिश युग के कानूनों की जगह 3 नए आपराधिक कानून बनाने का काम किया।

शाह ने यह बात शुक्रवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 58वें डीजी-आईजी सम्मेलन के दौरान कही। सम्मेलन 7 जनवरी तक चलेगा। इससे पूर्व शुक्रवार को अमित शाह के जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर सीएम भजनलाल शर्मा ने स्वागत किया। शनिवार को सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिरकत करेंगे।

इससे पूर्व सम्मेलन में पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले सुरक्षा बलों के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। इसके बाद अपने संबोधन में शाह ने कहा कि 2023 में देश अमृत काल में प्रवेश कर चुका है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नई शिक्षा नीति का निर्माण और ब्रिटिश युग के कानूनों की जगह 3 नए आपराधिक कानून बनाए। उन्होंने उल्लेख किया कि नए कानून सजा के बजाय न्याय प्रदान करने पर केंद्रित हैं और इन कानूनों के कार्यान्वयन से हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली सबसे आधुनिक और वैज्ञानिक हो जाएगी। उन्होंने नए कानूनों के सफल कार्यान्वयन के लिए एसएचओ से लेकर पुलिस महानिदेशक स्तर तक प्रशिक्षण और थाने से पीएचक्यू स्तर तक प्रौद्योगिकी उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा उन्होंने उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए डेटाबेस को जोड़ने और एआई संचालित विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### पिछले कुछ वर्षों में DG-IG कॉन्फ्रेंस एक 'थिंक टैंक' के रूप में उभरा

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में यह सम्मेलन एक 'थिंक टैंक' के रूप में उभरा है, जो निर्णय लेने और नई सुरक्षा रणनीतियों को तैयार करने की सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने देश भर में आतंकवाद विरोधी तंत्र की संरचनाओं, आकार और कौशल की एकरूपता पर जोर दिया। उन्होंने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में आंतरिक सुरक्षा की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

### 500 से अधिक पुलिस अधिकारी क्रॉन्फ्रेंस में हो रहे शामिल

सम्मेलन में डीजीएसपी/आईजीएसपी और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख व्यक्तिगत रूप से भाग ले रहे हैं। इसके अलावा देश भर से विभिन्न रैंकों के 500 से अधिक पुलिस अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर आईबी अधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए यूएचएम पुलिस पदक और तीन सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशनों के लिए ट्राफियां वितरित की गईं। सम्मेलन में सीमाओं की सुरक्षा, साइबर-खतरे, कट्टरपंथ, पहचान दस्तावेजों को धोखाधड़ी से जारी करना और एआई से उभरने वाले खतरों सहित महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### पीएम मोदी आज होंगे शामिल

6 जनवरी को पीएम सुबह 8 बजे राजभवन से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के लिए रवाना होंगे। 8:15 बजे वे सेंटर में पहुंचेंगे। रात 8 बजे तक मोदी सेंटर में ही डीजी आईजी के साथ कॉन्फ्रेंस में मौजूद रहेंगे। 7 जनवरी को पीएम सुबह 8 बजे सेंटर पहुंचेंगे। अधिकारियों के साथ मीटिंग के बाद साढ़े 4 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

# करणपुर में 80.50 फीसदी मतदान



**जयपुर**। प्रदेश के श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट के लिए शुक्रवार को वोटिंग संपन्न हुई। सुबह सात बजे शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चला। इस दौरान कुल 80.50 फीसदी मतदान हुआ। परिणाम 8 जनवरी को घोषित किया जाएगा। इस सीट से बीजेपी के उम्मीदवार सुरेंद्र पाल सिंह टीटी मैदान में हैं। वे पहले ही राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, जबकि कांग्रेस ने यहां से रूपिंदर सिंह कुन्नर को टिकट दिया है। इस सीट से कुल 12 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जो अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

## भजनलाल सरकार के मंत्रियों की जिम्मेदारी तय, विभागों का बंटवारा

# सुरक्षा तंत्र CM के पास, खजाने की चाबी दीया को

- उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के पास मुख्यमंत्री भजनलाल के बाद सबसे अहम विभाग
- झाबर सिंह खर्रा को दिया नगरीय विकास व स्वायत्त शासन विभाग

**बेधड़क । जयपुर**

राजस्थान में कैबिनेट विस्तार के बाद अब मंत्रियों के विभागों का भी बंटवारा कर दिया गया है। राज्यपाल के अनुमोदन के बाद शासन सचिवालय की ओर से शुक्रवार को लिस्ट जारी की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने पास गृह विभाग, आबकारी विभाग और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो समेत 8 विभाग रखे हैं। सीएम के बाद सबसे ज्यादा विभाग डिप्टी सीएम दीया कुमारी को सौंपे गए हैं। दीया कुमारी को वित्त, पर्यटन विभाग, कला साहित्य संस्कृति और पुरातन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल अधिकारिता विभाग समेत कुल 6 मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री के पास गृह तो डिप्टी सीएम दीया कुमारी के पास वित्त का विभाग जिम्मा है। वर्षों बाद किसी मुख्यमंत्री के पास वित्त मंत्रालय नहीं है।

गौरतलब है कि वर्ष 2013 में जब राजस्थान में भाजपा की सरकार थी तब दीया कुमारी को यहां पर 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया था। पर्यटन मंत्रालय के लिए उन्हें सबसे मुफीद माना जा रहा था। केंद्र ने इन्हे बड़ी जम्मेदारी देकर कई संकेत दिए हैं। राजस्थान में 12 कैबिनेट और 10 राज्य मंत्री बनाए गए हैं। इनमें 5 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के चयन के बाद विभागों के बंटावारे में भी भाजपा ने चौंकाने वाला काम किया है। इसमें मुख्यमंत्री के बाद डिप्टी सीएम दीया कुमारी को अहम विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पीएम दौरे के कुछ घंटे पहले ही विभागों का बंटवारे चर्चा का विषय बना रहा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना था कि प्रधानमंत्री मोदी की उच्च स्तरीय बैठक के बाद ही विभागों का बंटवारा होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।



### मंत्रिपरिषद में आखिर किसे मिली तवज्जो

विभागों के बंटवारे के बाद सियासी गलियारों में सबसे अहम चर्चा यही चल रही है कि विभागों के बंटवारे में किसे तवज्जो मिली। विभागों के अनुसार देखा जाए तो सीएम भजन लाल शर्मा के बाद डिप्टी सीएम दिया कुमारी को 5 विभागों के साथ ही सबसे ज्यादा तवज्जो मिली। डिप्टी सीएम दीया कुमारी को वित्त के साथ छह विभाग दिए हैं। डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को परिवहन के साथ चार विभागों का जिम्मा सौंपा गया है। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को कृषि और ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन और जन अभाव अभियोग विभाग दिया है। गजेंद्र सिंह खींवसर को चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा दिया गया है।



### राजपूत मंत्रियों को बड़े विभाग

मंत्रिमंडल में सबसे ज्यादा ताकवर राजपूत समाज के नेता हैं। राजपूत समाज में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को वित्त, गजेंद्र सिंह को चिकित्सा और स्वास्थय, राज्यवर्धन को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग दिया गया हैं। ऐसे में राजपूत नेताओ के पास सबसे अहम और बड़े बजट वाले विभाग हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि भाजपा ने अपने कोर वोटर राजपूत समाज को अच्छे विभाग देकर खुश किया है।

### वित्त मंत्री के सामने ये चुनौतियां

- दीया कुमारी की राह आसान नहीं होगी। राजस्थान पर 5.5 लाख करोड़ से अधिक का कर्ज है। उन पर कर्ज कम करने और राजस्व बढ़ाने की चुनौती होगी।
- इसके अलावा उन्हें एक और महत्वपूर्ण पीडब्ल्यूडी विभाग भी मिला है। नेशनल हाईवे को छोड़ प्रदेश के वंचित क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ना, चौड़ी और क्वालिटी की सड़कें बनाने और उनमें सुधार, नए जिलों में इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने का जिम्मा दीया कुमारी के कंधों पर ही रहेगा।

### राज्य मंत्रियों को भी बड़े मंत्रालय

भाजपा सरकार ने इस बार राज्य मंत्रियों को भी बड़े विभाग दिए हैं। राज्य मंत्री (स्वत्रन्त्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें नगरीय विकास विभाग और स्वायत्त साशन विभाग दिया गया है। यह मंत्रालय पहले कैबिनेट मंत्री के पास हुआ करता था। अब इसे स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री के पास दे दिया गया है। वहीं सुमित गोदारा को खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्रालय दिया गया है। सुमित पहली बार मंत्री बने हैं और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। इसके साथ ही उन्हें उपभोक्ता मामले का विभाग दिया गया है। वहीं हीरालाल नागर को ऊर्जा मंत्री बनाया गया है। जो पिछली भाजपा सरकार में ऊर्जा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर थे, जो कैबिनेट मंत्री थे।

### डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उपमुख्यमंत्री



प्रेमचंद बैरवा को राजस्व वाले सबसे बड़े परिवहन विभाग दिया गया हैं। वहीं तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा भी बजट वाले विभाग माने जाते हैं। परिवहन विभाग का पिछले बजट में 11 हजार 500 करोड़ रुपए हिस्सेदारी दी गई थी।

**चुनौती:** सड़को पर परिवहन विभाग के अधिकारियो पर लगने वाले भ्रष्टाचार के आरोप पर लगाम लगाना और बंधी रोकना चुनौती होगी। सड़कों पर दुर्घटनाओं के कारण मौत के बढ़ते आंकड़ों को रोकना इनके लिए बड़ी चुनौती होगी।

### डॉ. किरोड़ी लाल मीणा



किरोड़ीलाल मीणा को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग दिया गया हैं। पिछली सरकार ने कृषि बजट को अलग से पेश किया गया था। ऐसे में अगर भाजपा सरकार भी अलग से बजट बनाएगी तो किरोड़ी को बड़ी जिम्मेदारी हो जाएगी।

**चुनौती** - भाजपा के किसानो की आय बढ़ाना और पैदावार अधिक करने जैसे लक्ष्य को पूरा करना। आपदा राहत का मजबूत तंत्र बनाना होगा।

### मदन दिलावर



समाज कल्याण और सहकारिता विभाग का अनुभव रखने वाले दिलावर को इस बार शिक्षा पर पंचायती राज मंत्री बनाया गया गया हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा बजट वाला शिक्षा विभाग मिलने से जिम्मेदारी बढ़ गई हैं।

**चुनौती** - तृतीय श्रेणी के ट्रांसफर की निति बनाकर तबादले करना। तबादलों में भ्रष्टाचार रोकना बड़ी चुनौती होगी।

### सुमित गोदारा



विधानसभा में जाट समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले दूसरी बार के विधायक और पहली बार के मंत्री गोदारा को खाद्य एव नागरिक आपूर्ति जैसा अहम विभाग दिया गया हैं।

**चुनौती** - राशन डीलरों की कालाबाजरी को रोक कर आम जन को पूरा लाभ दिलाना। खाद्य पदार्थ में मिलावट को कंट्रोल करना।

### हीरालाल नागर



पहली बार के राज्य मंत्री बने हीरालाल नागर को ऊर्जा विभाग जैसी अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन इतना बड़ा विभाग सम्भलना चुनौती होगी।

**चुनौती:** महंगी बिजली और बिजली संकट को रोकना। बिजली विभाग में भ्रष्टाचार और बिजली चोरी रोकना बड़ी चुनौती होगी।

### गजेंद्र सिंह खींवसर



दो बार मंत्री रहे वसुंधरा के करीबी माने जाने वाले खींवसर वरिष्ठ चेहरा हैं। प्रशासनिक अनुभव होने के नाते इस बार उन्हें मेडिकल एंड हेल्थ डिपार्टमेंट दिया गया है। पिछली सरकार में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का बजट 22 हजार करोड़ रुपए था।

**चुनौती** - चिरंजीवी जैसे बड़े मुद्दों को निराकरण करना। ग्रामीण स्तर तक डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे विभाग को संभालना।

### राज्यवर्धन सिंह राठौड़



राज्यवर्धन राठौड़ को ओलिंपियन चैंपियन होने के नाते युवा, खेल व सैनिक कल्याण जैसे विभाग दिए हैं। वहीं, प्रदेश को मजबूती देने वाला दमदार विभाग उद्योग एवं वाणिज्य और तकनीकी डिपार्टमेंट सौंपा गया है।

**चुनौती** - प्रदेश में औद्योगिक विकास के दम पर बेरोजगारी दूर करने की और प्रदूषण मुक्त करना भी बड़ी चुनौती रहेगा।

### बाबूलाल खराड़ी



सादगी और ईमानदारी के प्रतिक माने जाने वाले चौथी बार के विधायक और पहली बार के मंत्री खराड़ी को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मिला हैं।

**चुनौती** - आदिवासियों तक केंद्र व राज्य की सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना।

### झाबर सिंह खर्रा



पहली बार राज्य मंत्री होकर यूडीएच जैसे बड़े विभाग की जिम्मेदारी दी गई। पिछली सरकारों में यह विभाग अनुभवी मंत्री को दिया जाता रहा है।

**चुनौती:** शहरी निकायों में व्याप्त भ्रस्टाचार को दूर करना और विकास गति को आगे बढ़ाना।

### कन्हैयालाल चौधरी



पहली बार मंत्री बने जलदाय विभाग सौंपा गया है। ये डिपार्टमेंट जनता से सीधा जुड़ा हुआ है और जनता की पानी की पीड़ा को राजनीतिक मुद्दा बनते देर नहीं लगती। इस कारण ये संवेदनशील विभाग है।

**चुनौती** - जेजेएम का भ्रस्टाचार दूर कर केंद्र की योजनानुसार हर घर पानी पहुँचाना। गर्मियों में पेयजल संकट को दूर करना।

### सुरेश सिंह रावत



सुरेश सिंह को जल संसाधन जैसा मजबूत विभाग सौंपा है। यह संवेदनशील विभाग है, क्योंकि 13 जिलों और करीब 80 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरने वाला ईआरसीपी प्रोजेक्ट इस विभाग के खाते में आएगा।

**चुनौती** - सुरेश सिंह रावत के सामने ईआरसीपी योजना को पूरा करने की बड़ी चुनौती होगी। ईआरसीपी मौजूदा चुनावों में बड़ा मुद्दा रहा है।

### सुरेंद्र पाल टीटी



तीन बार विधयक और तीसरी बार मंत्री बने टीटी को कृषि विपणन पर इंदिरा गांधी नहर विभाग दिया गया हैं।

**चुनौती** - खुद के चुनाव में जीतना। अगर जीते तो समय पर नहरों में पानी की आपूर्ति करवाना।

### संजय शर्मा



पहली बार मंत्री बने संजय शर्मा को वन और पर्यावरण जैसा बड़ा विभाग दिया है। उन्हें बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए वन एवं पर्यावरण जैसे मजबूत और वातावरण को शुद्ध रखने वाला डिपार्टमेंट मिला है।

**चुनौती** - बढ़ते प्रदूषण और वन क्षेत्रों से अवैध खनन, पेड़ो की कटाई रोकनी होगी। शर्मा को वन क्षेत्रों से अवैध खनन रोकने, हरियाली से भरे-पूरे क्षेत्र को बढ़ाने जैसे चुनौती भरे काम करके दिखाने होंगे।

### जोगाराम पटेल



तीसरी बार के विधायक और पहली बार मंत्री बने पटेल को संसदीय कार्य मंत्री बनाया गया है। ऐसे में इनकी विधानसभा सत्र शुरू करने से लेकर सुचारु रूप से चलाने की जिम्मेदारी रहेगी।

**चुनौती** - विपक्ष के कई मुद्दों के हंगामे को मैनेज करना और सत्र को फिर को व्यवस्थित समय पर पूरा करना। न्यायलय व्यवस्था को मजबूत करना।

## राजधानी के हाथ में रहेगी चाबी

भजनलाल सरकार में जिस प्रकार राजधानी जयपुर को खास तवज्जो मिली थी, मंत्रालय तय होने के बाद यह और पुख्ता हो गई है। गृह मंत्रालय खुद मुख्यमंत्री के पास है और वित्त मंत्रालय उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को दिया गया है, ऐसे में तय है कि सुरक्षा व खजाने की चाबी जयपुर के नेताओं के पास ही रहेगी। जयपुर के ही नेता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग दिया गया है जो प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाला विभाग है। इसके अलावा जयपुर जिले के ही उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के पास परिवहन विभाग है जो काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। कुल मिलाकर आने वाले समय में प्रदेश की कमान जयपुर के नेताओं के हाथ में रहेगी।

## शैक्षणिक योग्यता का भी रखा ध्यान

मंत्रिमंडल में अधिकांश मंत्री ग्रेजुएट हैं। मंत्रालय देते समय मंत्रियों की शैक्षणिक योग्यता का भी ध्यान रखा गया है। मसलन, सिविल इंजीनियरिंग के डिग्रीधारी कन्हैयालाल चौधरी को पीएचईडी दिया गया है। वहीं लॉ ग्रेजुएट जोगाराम को कानून मंत्री बनाया गया है। हालांकि एमबीबीएस किरोड़ीलाल मीणा व इंजीनयरिंग कर चुके मदन दिलावर की विशेषज्ञताएं मंत्रालय देते समय दरकिनार की गई है। मंत्रिमंडल में शामिल तीन मंत्री 12वीं या इससे कम पढ़े लिखे हैं।

## जरूरी खबर

### विधायक के निर्देश के बाद हटाए अतिक्रमण



**जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा की अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी के बाद तीसरे दिन नगर निगम की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को अस्थाई अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई की। उपायुक्त सतर्कता एसके मेहरानियां ने बताया कि कार्रवाई के लिए निगम टीम के साथ जाब्ते को भी भेजा गया। खासा कोठी, सिंधी कैम्प, पोलोविक्ट्री, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर सार्वजनिक स्थलों, फुटपाथों पर से अस्थाई अतिक्रमण हटाया। इस दौरान तीन ट्रक सामान जब्त कर जनता मार्केट गोदाम में पहुंचाया गया। कार्रवाई की मॉनिटिरिंग महापौर मुनेश गुर्जर और आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत ने की।

### नगर निगम ने हटाई अवैध एरियल केबल

**जयपुर।** ग्रेटर निगम ने शुक्रवार को टेलीकॉम सेवा प्रदाता कंपनी और अन्य डिजिटल केबल सर्विस प्रोवाइडर द्वारा लगाई अवैध एरियल केबल पर विधिक कार्यवाही की है। उपायुक्त राजस्व-प्रथम जनार्दन शर्मा ने बताया कि राजस्व टीम, विद्युत शाखा, गैराज शाखा, सतर्कता शाखा के जाब्ते के साथ अभियान चलाते हुए डीजीपी कॉन्फ्रेंस और शहर की सौन्दर्यता को देखते हुए नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में विभिन्न टेलीकॉम सेवा प्रदाता कपनी एवं अन्य डिजिटल केबल सर्विस प्रोवाइडर द्वारा नगर निगम के विद्युत पोल्स पर लगाई गई अवैध एरियल केबल एवं नियम विरुद्ध एरियल केबल पर टर्मिनल-2 से जवाहर सर्किल, स्टेट हैंगर, जवाहर सर्किल से जेडीए सर्किल वाया जेएलएन रूट, जेडीए सर्किल से 22 गोदाम पुलिया और गांधी सर्किल से आरआईसी वाया झालाना मार्ग पर अवैध एरियल केबल हटा कर जब्त की गई।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**सर्दी का सितम जारी:** सबसे सर्द रात माउंट आबू में रही, 14 जिलों में कोल्ड-डे की स्थिति

# कोहरे में लिपटी सुबह, 'खिली' दोपहर और शाम रजाई में दुबकी

- कई जगह पर विजिबिलिटी 30 मीटर तक आई
- मौसम विभाग के अनुसार जारी रहेगी शीतलहर

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में कड़ाके की सर्दी का सितम लगातार जारी है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण शुक्रवार को एक बार फिर लोगों को कड़ाके की सर्दी का एहसास हुआ।

वहीं, कोहरे के कारण कई जगहों पर विजिबिलिटी 30 मीटर तक आ गई। घने कोहरे के कारण दिन में भी ठिठुरन का अहसास हुआ, हालांकि दोपहर बाद कोहरा कुछ कम हुआ, इस दौरान सूरज ने अपनी रोशनी भी बिखेरी। शाम होते होते ठंड बढ़ गई। राजधानी में शुक्रवार को न्यूनतम पारा 7.4 रहा, जो गुरुवार के मुकाबले 1 डिग्री उछाल पर रहा। प्रदेश में शुक्रवार को सबसे सर्द रात हिल स्टेशन माउंट आबू में रही, जहां तापमान माइनस 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

इसके अलावा सीकर, अलवर, भरतपुर, चूरू समेत कई जिलों में दिन-रात का तापमान सामान्य से नीचे आ गया।



फोटो: राजेश कुमावत

### नए पश्चिमी विक्षोभ से बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार सात जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से राजधानी सहित उदयपुर, कोटा संभाग में हल्की बारिश बारिश होने की संभावना है। वहीं, बारिश के कारण तापमान में और गिरावट होने की संभावना है।

### आबू में मौसम साफ, तापमान माइनस में

हिल स्टेशन माउंट आबू में गुरुवार को जहां तापमान शून्य पर दर्ज किया गया था। शुक्रवार को मौसम साफ रहा, जिसके कारण यहां तापमान माइनस में चला गया। इससे यहां गाड़ियों, पेड़-पौधों और खुले मैदानों पर ओंस की बूंदें जमकर बर्फ बन गई। मौसम केन्द्र जयपुर ने शनिवार को भी 11 जिलों में सीवियर कोल्ड की कंडीशन बने रहने की संभावना जताते हुए इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। माउंट आबू के अलावा शुक्रवार को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर और उदयपुर में भी सीजन की सबसे सर्द रात रही। बीकानेर में न्यूनतम तापमान 2.8, जोधपुर में 7.6, उदयपुर में 6.8 और अजमेर में 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उदयपुर, अजमेर, बीकानेर भी कोहरे की जद में रहे। उधर जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के भी सभी जिले कोहरे से प्रभावित रहे।

### रात में दिखा असर

प्रदेश में दिनभर चली सर्द हवा के कारण जयपुर, बीकानेर, अलवर समेत 14 जिलों में कोल्ड-डे की स्थिति रही। इन शहरों में दिनभर कोहरे की हल्की लेयर रही, जो शाम होने के बाद बढ़ गई। शाम होते ही हल्की सर्द हवाएं चलने से गलन तेज हो गई। तेज सर्दी का असर शहरों में रात को दिखा, जहां बाजारों में रात 8 बजे बाद से लोगों की आवाजाही सामान्य दिनों के मुकाबले कम हो गई।

**डीजी-आईजी सम्मेलन शुरू:** रातभर सफाई में लगे रहे निगमकर्मी

# पावणों के स्वागत में सजाया शहर रास्तों में रंगोली, दीवारों पर फूल

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में शुक्रवार से डीजी-आईजी सम्मेलन शुरू हो गया। सम्मेलन में आए हुए अतिथियों मुखमंत्री पीएम मोदी और अमित शाह सहित देशभर से आए पुलिस अफसरों के स्वागत-सत्कार में शहर दुल्हन की तरह सजाया गया। जिन मार्गों से अतिथि गुजरेंगे, उन पर स्थाई रंगोली बनाई गई। साथ ही प्रमुख सड़कों, दीवारों पर खिलते कमल लगाए गए और भगवा झंडे और होर्डिंगस-बैनरों से अतिथियों को स्वागत किया गया।

सोमवार तक चलने वाले सम्मेलन को देखते हुए नगर निगम और जेडीए प्रशासन ने पूरे शहर को सजा दिया है। साफ-सफाई की व्यवस्था खुद ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने संभाल रखी है। शुक्रवार को भी उन्होंने अल सुबह सफाई कर्मचारियों के साथ सफाई अभियान में हिस्सा लिया। वहीं, जेडीए ने कार्यक्रम स्थल के आस-पास और शहर के प्रमुख मार्गों पर क्षतिग्रस्त सड़क को सही किया। साथ ही सभी सरकारी बिल्डिंगों को रंगीन रोशनी से सजाया गया है। भाजपा कार्यालय की ओर से आने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया। कार्यालय को एसपीजी ने अपने कब्जे में ले लिया है। यहां चुनिंदा लोगों को ही एंट्री दी जा रही है। गुरुवार से ही कार्यालय के चारों तरफ बेरिकेडिंग कर दी गई।



### भाजपा कार्यालय को सजाया, मार्ग भी चमकाए

डीजी-सम्मेलन में भाग लेने आए पीएम मोदी के भाजपा कार्यालय में भी आने के कार्यक्रम को देखते हुए एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय और यहां से राजभवन तक के मार्ग को आकर्षक रूप से सजाया गया। वहीं, गांधी सर्किल पर विशेष सजावट की गई। इसके अलावा भाजपा कार्यालय को भी रंगीन रोशनी से सजाया गया। भाजपा कार्यालय के आस पास खिलते कमल लगाए गए।



### घर पर चाय बनाकर सफाई कर्मचारियों को पिलाई



वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शहर आगमन पर महापौर सौम्या गुर्जर ने अलसुबह शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान महापौर ने अपना दौरा रिद्धी-सिद्धी चौराहे से शुरू किया, जिसके बाद उन्होंने विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने कड़कडाती सर्दी में भी सफाई करते मिले सफाई कर्मचारियों की पीठ थपथपाई और खुद ने भी झाड़ू लगाकर उनका हौसला अफजाई किया। वहीं, उन्होंने महिला सफाई कर्मियों को गले लगाया और उसके बाद उन्हें ठंड में सिकुड़ते देख हाथों में दस्ताने पहनाए। उसके बाद डॉ. सौम्या ने अपने घर से स्वयं की बनाई हुई चाय सभी सफाई कर्मचारियों को पिलाई। ठंड में मिली गर्म चाय सभी सफाई कर्मचारियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई और उन्होंने महापौर को धन्यवाद दिया।

### डस्टबिन के प्रति किया जागरूक

उन्होंने व्यापारियों से सड़क पर कचरा नहीं फेंकने की अपील की और प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने की समझाइश की। इसके साथ ही नीले और हरे रंग के डस्टबिन रखने की अपील भी की। महापौर ने आमजन से भी संवाद किया और जयपुर को स्वच्छ बनाने के लिए भी शपथ दिलाई।

**जाट महासभा का समर्थन**

# बिश्नोई समाज को केंद्रीय सेवाओं में मिले ओबीसी आरक्षण



**बेधड़क** | जयपुर

बिश्नोई समाज द्वारा केंद्र की सेवाओं और शिक्षण संस्थाओं में ओबीसी में आरक्षण की मांग की जा रही है। उनकी इस मांग का राजस्थान जाट महासभा ने समर्थन किया है।

महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील ने कहा कि राजस्थान का जाट समाज बिश्नोई समाज की आरक्षण की मांग का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि केंद्र में विश्नोई समाज के आरक्षण से संबंधित वादा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा सार्वजनिक मंच पर दिया गया था। मील ने कहा कि बिश्नोई समाज की केंद्र में ओबीसी आरक्षण देने की 25 से ज्यादा साल से मांग हो रही है, लेकिन अभी तक बिश्नोई समाज को केंद्र में आरक्षण नहीं दिया गया है।

केंद्र सरकार से अनुरोध है कि वह जल्द से जल्द बिश्नोई समाज को केंद्र में आरक्षण दे। उन्होंने कहा कि बिश्नोई एक खेतिहर कौम है। अपने उसूलों और संस्कृति में रचे-बसे बिश्नोई समाज को वन और जीव अतिप्रिय हैं। समाज के अधितर लोगों की आजीविका खेती और पशुपालन पर टिकी हुई है। केंद्र में इन्हें ओबीसी आरक्षण मिलना ही चाहिए।

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में चयन**

## हेरिटेज निगम स्टेट अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट

**बेधड़क** | जयपुर



केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने शहरों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में बेहतर सफाई व्यवस्था देने के लिए प्रदेश के दो जिलों को राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। इनमें एक हेरिटेज निगम और दूसरा डूंगरपुर है। हेरिटेज आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि इस संबंध में हेरिटेज निगम को केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से पूरे राज्य में चयन किया गया है, जो कि पूरे निगमकर्मियों के लिए गौरवान्वित करने का पल है। 11 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कैटेगरी मिलेगी। गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में इस बार निगम हेरिटेज ने अपने प्रयासों से पुरे क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा। इस दौरान हेरिटेज सिटी की धरोहर और एतिहासिक स्थलों पर भी साफ-सफाई की गई। वहीं, पर कोटे सहित अन्य प्रमुख बाजारों में रात्रिकालीन सफाई भी कराई जा रही है।

**बालकानंद गिरी को लॉरेंस के भांजे के नाम से मिली धमकी**

## 20 करोड़ की व्यवस्था कर लेना, वरना...

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई माधोपुर के खंडार स्थित पादड़ी तोपखाने के बलराम उर्फ महंत बालकानंद गिरी को धमकी भरा कॉल आया है। फोन करने वाले ने गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के भांजे के नाम से 20 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। महंत बालकानंद ने खंडार थाने में मोबाइल नंबर के आधार पर मामला दर्ज कराया है। मामले की जानकारी महंत ने शुक्रवार को जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है। उन्होंने बताया कि 29



दिसंबर को दोपहर 2 बजे आश्रम में भजन कर रहे थे। उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस विश्नोई का भांजा बताया और कहा कि तीन दिन में 20 करोड़ की व्यवस्था कर देना, नहीं तो शरीर को बंदूक की गोलियों से छलनी कर दूंगा।

### गोगामेड़ी नहीं बचा तो सोच तेरा क्या होगा

उन्होंने बताया कि कॉल करने वाला बार-बार लॉरेंस विश्नोई का भांजा सचिन विश्नोई होने का दावा कर रहा था। धमका रहा था कि 20 करोड़ रुपए चाहिए। नहीं तो मार दूंगा। गोगामेड़ी के पास सिक्योरिटी होते हुए भी वह नहीं बच सका तो सोच तेरा क्या हाल होगा। गाली-गलौज कर रंगदारी देने के लिए सचिन विश्नोई के एक दोस्त ने भी मोबाइल लेकर धमकाया। रुपए नहीं देने पर गोलियों से छलनी करने की धमकी दी। बदमाश ने महंत से कहा कि एसपी और कलेक्टर के भी परिवार हैं, वो तुझे बचाने नहीं आएंगे। तेरे आश्रम पर इतनी गोली चलाई जाएंगी, सोच नहीं पाएगा। बालकानंद गिरी सवाई माधोपुर जिले की खंडार तहसील में तोपखाना स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम आश्रम के महंत हैं। जूना अखाड़ा उज्जैन परिक्षेत्र के थानापति हैं। साथ ही जूना अखाड़े के सदस्य हैं। वर्तमान में सवाई माधोपुर जिले में स्थित आश्रम में सेवा कर रहे हैं।

**रेलवे ने दी यात्रियों को नई सौगात**

# जयपुर से उत्तराखंड और मुंबई के लिए शुरू की जाएगी स्पेशल रेल सेवा

- खातीपुरा-टनकपुर स्पेशल ट्रेन और मुंबई सेंट्रल-अजमेर उर्स स्पेशल रेल सेवा

**बेधड़क** | जयपुर

रेलवे ने नई सौगात दी है। इसके तहत यात्री सुविधा के लिए रेलवे विभिन्न रेल सेवाओं का संचालन करेगा। इसके लिए नई रेलसेवाओं का शेड्यूल जारी किया है। इसके अनुसार खातीपुरा (जयपुर) से टनकपुर (उत्तराखंड) के लिए त्रि साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जाएगा। इसके साथ ही अजमेर में आयोजित 812 वें उर्स मेले में यात्रियों की सुविधा हेतु मुम्बई सेंट्रल-अजमेर-मुम्बई सेंट्रल (02 ट्रिप) एवं वलसाड-अजमेर-वलसाड (01 ट्रिप) उर्स स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है।



### कोटा स्टेशन पर पटरी से उतरा डिब्बा

वहीं शुक्रवार देर रात को कोटा रेलवे स्टेशन एक ट्रेन का डिब्बा के पटरी से उतरने पर खलबली मच गई। सूत्रों के अनुसा भोपाल से जोधपुर जा रही ट्रेन कोटा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 आ रही थी। अचानक ट्रेन का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। घटना के तुरंत बाद रेल अधिकारी और बचाव कर्मी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार घटना में किसी भी यात्री हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं डीआरएम ने घटना के जांच के आदेश दे दिए हैं।

### गाड़ी संख्या 05097 का यह शेड्यूल

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 05097, टनकपुर-खातीपुरा (जयपुर) त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 8 से 24 जनवरी तक (08 ट्रिप) टनकपुर से प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को शाम 6.25 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 10.20 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05098, खातीपुरा (जयपुर)-टनकपुर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 9 से 25 जनवरी तक (08 ट्रिप) खातीपुरा से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार व शनिवार शाम 6.30 बजे रवाना होकर अगले दिन 09.35 बजे टनकपुर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं., चन्दौसी, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी, खैरथल, अलवर, राजगढ, बांदीकुई व दौसा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 सैकंड एसी, 03 थर्ड एसी, 07 द्वितीय शयनयान, 05 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बे होंगे।

### अजमेर उर्स के लिए रेलसेवा

रेलवे के ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार गाड़ी संख्या 09019, मुम्बई सेट्रल-अजमेर उर्स स्पेशल रेल सेवा 13 व 15 जनवरी तक को मुम्बई सेट्रल से रात 9.15 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 2.45 बजे अजमेर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09020, अजमेर-मुम्बई सेट्रल उर्स स्पेशल रेल सेवा 14 व 16 जनवरी को अजमेर से 18.20 बजे रवाना होकर अगले दिन 12.35 बजे मुम्बई सेट्रल पहुंचेगी। यह रेल मार्ग में बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वड़ोदरा, गोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, विजयनगर व नसीराबाद स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाड़ी में 01 सैकंड एसी, 03 थर्ड एसी, 12 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बें होगें। इसी तरह गाड़ी संख्या 09013, वलसाड-अजमेर उर्स स्पेशल रेल सेवा 14 जनवरी को वलसाड से रात 10.15 बजे रवाना होकर 15 जनवरी को दोपहर 2.25 बजे अजमेर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09014, अजमेर-वलसाड उर्स स्पेशल रेल सेवा 15 जनवरी को अजमेर से शाम 6.20 बजे रवाना होकर 16 जनवरी को 08.35 बजे वलसाड पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सूरत, भरूच, वड़ोदरा, गोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, विजयनगर व नसीराबाद स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## जरूरी खबर

### चार गोतस्करों को किया गिरफ्तार, दो वाहन जब्त



**डीग।** डीग जिले के मेवात इलाके में इन दिनों गोतस्करी के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई चल रही है। गुरुवार को भी पुलिस ने पीछा कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया था और शुक्रवार की सुबह भी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हरियाणा के रहने वाले चार गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। साथ ही गोवंश से भरी पिकअप गाड़ी और एक कार को जब्त किया है। इसके अलावा पुलिस ने एक लग्जरी कार को भी जब्त किया है। चार गौ तस्कर पिकअप को एस्कॉर्ट कर रहे थे। पुलिस ने चार गोतस्करों को गिरफ्तार कर 6 गोवंश को मुक्त कराए।

### शेखावाटी विवि में फीस को लेकर स्टूडेंट्स का प्रदर्शन

**सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी में सेमेस्टर की फीस कम करने और आदेश रद्द करने की मांग को लेकर एसएफआई की ओर से यूनिवर्सिटी में वॉइस चांसलर का पुतला फूंका गया। सैकड़ों स्टूडेंट्स ने यूनिवर्सिटी में वीसी के खिलाफ नारेबाजी की। एसएफआई के महिपाल सिंह ने बताया कि फर्स्ट ईयर वाले स्टूडेंट्स का पहला सेमेस्टर है, जिसमें स्टूडेंट्स से दोगुनी फीस वसूली जा रही है। इस फीस बढ़ोतरी का छात्र संगठन एसएफआई विरोध करता है। आने वाले दिनों में फीस कम नहीं हुई तो हजारों स्टूडेंट्स सड़कों पर उतरेंगे।

### सीएम भजनलाल शर्मा 24 को जोधपुर दौरे पर



**जोधपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल 24 जनवरी को जोधपुर दौरे पर आएंगे। वे जोधपुर में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव का इनॉगरेशन करेंगे। लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने बताया कि 24 को लघु उद्योग भारती की ओर से हस्तशिल्प उत्सव का आयोजन होगा। ओझा ने बताया कि 24 जनवरी से 4 फरवरी तक यह मेला चलेगा और कुल 700 स्टॉल लगेगी। इस उत्सव में कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड आदि राज्यों के उद्यमियों एवं हस्तशिल्पी भी स्टॉल लगाएंगे। इसके अलावा, केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड, विकास आयुक्त हस्तशिल्प, नाबार्ड, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड जैसे संस्थानों ने रुचि दर्शाई है।

**कृषि विभाग ने किसानों के लिए जारी की चेतावनी, बताए फसलों को बचाने के उपाए**

# भरतपुर की 14 लाख हेक्टेयर फसलों पर पाले का खतरा

**बेधड़क** | भरतपुर

संभाग में बीते करीब एक सप्ताह से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को पाला पड़ने की चेतावनी जारी की है।



इस बार संभाग के भरतपुर, धौलपुर, सवाई माधोपुर, गंगापुर और डीग जिलों में करीब 14 लाख हेक्टेयर में रबी की फसलों की बुवाई की गई है। ऐसे में पाला पड़ने की आशंका देखते हुए किसान समय रहते फसलों के बचाव के उपाय कर सकते हैं। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक देशराज सिंह ने फसलों के बचाव के कई उपाय साझा किए हैं।

संयुक्त निदेशक देशराज सिंह ने बताया कि पाला पड़ने की संभावना पर फसलों में हल्की सिंचाई करें। खेत के उत्तर-पश्चिम दिशा में वायु रोधी टाटियां इस्तेमाल करें और दक्षिण पश्चिम दिशा में धुंआ भी कर सकते हैं। इससे शीतलहर और पाले का प्रभाव कम होगा। साथ ही एक लीटर पानी में 1 मिलीलीटर गंधक के हिसाब से घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करें। इससे फसल को 15 दिन तक पाले और शीतलहर से सुरक्षित बनाया जा सकता है। उपनिदेशक उद्यान जनकराज मीणा ने बताया कि उद्यानिकी फसलों पर लो टनल का इस्तेमाल करें। साथ ही उद्यानिकी फसलों व सरसों, गेंहू, चना व आलू की फसल पर थायो यूरिया 500 पीपीएम (आधा ग्राम प्रति लीटर) के हिसाब से छिड़काव करें।

### सरसों और आलू को ज्यादा नुकसान

मीणा ने बताया कि इन उपायों के बाबजूद यदि किसी फसल में पाले का नुकसान होता है, तो किसान तुरन्त खड़ी फसल में 25 से 30 ग्राम ग्लूकोज प्रति टंकी (15 लीटर) की दर से प्रभावित फसल पर छिड़काव करें। इसके अलावा एनपीके 18: 18:18 या 19:19:19 या 20:20:20 की 100 ग्राम प्रति टंकी (15 लीटर) की मात्रा 25 ग्राम एग्रोमीन के साथ मिलाकर प्रभावित फसल पर छिडकाव करें। इससे पाले से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। गौरतलब है कि गत वर्ष सर्दियों में सरसों और आलू की फसल में पाले की वजह से काफी नुकसान देखने को मिला था। इसलिए इस बार किसान समय रहते ये उपाय कर के फसलों में होने वाले नुकसान से बचाव कर सकते हैं।

### बूंदी में शीतलहर को लेकर एडवाइजरी जारी

बूंदी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से शीतलहर से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि शीत लहर दिसंबर और जनवरी में घटित होती है, जिसके चलते सर्द हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने के साथ-साथ यदा कदा जनहानि होने की आशंका है। दिव्यांग व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों, खुले क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों के लिए भी शीत लहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि शीतलहर अथवा पाले से बचाव के लिए गर्म वस्त्र एवं कई परतों में कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए। जहां तक हो सके घर के बाहर कार्य के लिए दिन में निकले। स्वयं को व बच्चों को उपलब्ध ऊनी कपड़ों से ढकें।

**केंद्र सरकार ने इंदौर, भोपाल और उदयपुर के लिए भेजा प्रस्ताव**


# झीलों के शहर उदयपुर को मिल सकता है वेटलैंड सिटी का तमगा

**बेधड़क** | उदयपुर

देश के पहले तीन शहर इंदौर, भोपाल और राजस्थान के उदयपुर को वेटलैंड सिटी की मान्यता देने के लिए केंद्र सरकार ने नामांकन किया है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर इसकी खुशी जाहिर की है।

केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश के दो शहर इंदौर, भोपाल और राजस्थान के उदयपुर को वेटलैंड सिटी यानी तालाबों का शहर घोषित करने के लिए नामांकित किया है। देश-दुनिया में अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर नीली झीलों के शहर उदयपुर को एक और तमगा मिल सकता है। उदयपुर सहित देश के तीन शहरों को जल्द ही वेटलैंड सिटी का दर्जा मिलने की उम्मीद जगी है। हाल ही में केंद्रीय मंत्रालय ने उदयपुर, भोपाल, इंदौर का प्रस्ताव बनाकर यूएन रामसर कन्वेंशन को भेज दिया है। इसको लेकर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर जानकारी साझा की है। इसमें राजस्थान से एकमात्र शहर उदयपुर है, जिसका नाम वेटलैंड घोषित करने के लिए भेजा है।

**केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी**



### राजस्थान का कश्मीर और पूर्व का वेनिस है उदयपुर

देश-दुनिया में अलग-अलग नाम से विख्यात झीलों की नगरी उदयपुर जिसे राजस्थान का कश्मीर और पूर्व का वेनिस कहते हैं। यहां की खूबसूरत झीलें किसी को भी कायल कर दें। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने खुशी जाहिर करते हुए ट्वीट किया है। यादव ने लिखा कि इस योजना का लक्ष्य शहरी क्षेत्र से सटे आदेभूमि के संरक्षण और उचित उपयोग के साथ स्थानीय आबादी के लिए सामाजिक आर्थिक लाभ को बढ़ावा देना है। इतना ही नहीं उदयपुर जिला पर्यावरण समिति की बैठक में भी उदयपुर को वेटलैंड सिटी बनाने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया था।

### 14 जलाशयों से घिरी है लेकसिटी

दरअसल लेकसिटी उदयपुर के चारों ओर करीब 14 से ज्यादा छोटे बड़े जलाशय, झील और तालाब हैं। ऐसे में यहां झीलों में वोटिंग को लेकर भी खास प्रबंध किए गए हैं जो सैलानियों को खूब रास आ रहे हैं। उदयपुर शहर के आसपास काफी खूबसूरत जिले हैं जैसे पिछोला झील, फतेहसागर झील, बड़ी तालाब, उदय सागर, स्वरूप सागर, गोवर्धन सागर, पुरोहितों का तालाब, जयसमंद झील है। यह नया तमगा मिलने से उदयपुर जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ यहां के जल स्रोतों का भी संरक्षण होगा।

### वेटलैंड सिटी के फायदे

उदयपुर के वेटलैंड सिटी घोषित होने के बाद टूरिज्म और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इसी के साथ जल स्त्रोतों के संरक्षण और इको टूरिज्म को भी पंख लगेंगे। इतना ही नहीं दुनिया में उदयपुर को एक नया और अलग पहचान मिलेगी। बता दें कि दिसंबर के महीने में भी उदयपुर में बड़ी टूरिस्ट घूमने के लिए पहुंचे थे। हेरिटेज सिटी, वेडिंग डेस्टिनेशन, ईगो डेस्टिनेशन के रूप में प्रसिद्ध उदयपुर को नई पहचान मिलेगी। वेटलैंड सिटी का दर्जा 6 साल के लिए उदयपुर को मिलेगा। अभी दुनिया में सिर्फ 42 शहरों को यह दर्जा मिला हुआ है।

**फायरिंग के मामले में था फरार**

# 25 हजार का इनामी डकैत विष्णु ठाकुर यूपी से गिरफ्तार



**बेधड़क** | धौलपुर

जिले की सैपऊ एवं कंचनपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर 25 हजार के इनामी बदमाश एवं हार्डकोर अपराधी विष्णु ठाकुर को उत्तर प्रदेश के आगरा जिले से गिरफ्तार किया है। सीओ बाबू लाल मीना के नेतृत्व में पुलिस ने दो दिन के अंतर्गत दूसरी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बदमाश विष्णु ठाकुर करीमपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप पर फायरिंग कर फरार चल रहा था।

सीओ बाबूलाल मीणा ने बताया आईजी रेंज भरतपुर एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार और एडिशनल एसपी ओम प्रकाश मीणा के नेतृत्व में वांछित अपराधी एवं बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया 22 दिसंबर 2023 को सैपऊ थाना क्षेत्र के करीमपुर गांव स्थित एक पेट्रोल पंप पर लूट के इरादे से कुछ बदमाशों ने फायरिंग कर दहशत फैलाई थी। पुलिस ने मामले में अनुसंधान कर आगरा पुलिस से मुठभेड़ में मारे गए डकैत मुकेश ठाकुर गैंग के कुछ बदमाशों को चिह्नित किया।

सीओ मीना ने बताया पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिली विष्णु उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के सैंया थाना इलाके में छिपा हुआ है। मुखबिर की सूचना पर सैंपऊ एवं कंचनपुर पुलिस थाने से टीम का गठन किया गया। वहीं, साइबर सेल टीम को भी शामिल कर कार्रवाई करने के लिए उत्तर प्रदेश भेजा गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सुनियोजित तरीके से घेराबंदी कर विष्णु ठाकुर को दबोच लिया। उन्होंने बताया बदमाश के खिलाफ चोरी, बलात्कार, डकैती एवं लूट जैसे करीब आधा दर्जन संगीन धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

**मणिपुर में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में किए प्राण न्यौछावर**

# शहीद राधेश्याम गुर्जर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

मणिपुर में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए चित्तौड़गढ़ के नगरी ग्राम पंचायत के लाल राधेश्याम गुर्जर का उनके पैतृक गांव में शुक्रवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

38 वर्षीय राधेश्याम गुर्जर बीएसएफ में सेवाएं दे रहे थे। जवान की शहादत की खबर पहुंचते ही पूरे गांव में माहौल गमगीन हो गया। उनकी पार्थिव देह गांव में पहुंचते ही लोगों ने राधेश्याम अमर रहे के नारे लगाए। तिरंगे में लिपटा देख कर शहीद के परिजन बेसुध हो गए और वहां पर मौजूद हर ग्रामवासी की आंखें छलक पड़ी। शहीद जवान को पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव में अंतिम विदाई दी गई। नगरी ग्राम पंचायत के सरपंच देवकिशन ने बताया कि ग्राम पंचायत के गुर्जर खेड़ा निवासी राधेश्याम गुर्जर मणिपुर में सेवाएं दे रहे थे। 2 जनवरी को उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान वो शहीद हो गए। परिजनों ने रीति रिवाज के साथ शहीद को अंतिम विदाई दी। सेना के साथ जिला पुलिस की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।



**आमिर खान और बेटी-दामाद के साथ पहुंचे उदयपुर**

# आयरा और नूपुर करेंगे डेस्टिनेशन वेडिंग

**बेधड़क** | उदयपुर

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और उनकी बेटी आयरा खान अपने पति नूपुर शिखरे के साथ शुक्रवार शाम को उदयपुर पहुंच गए हैं। आयरा और नूपुर ने 3 जनवरी को मुंबई में रजिस्टर्ड मैरिज की थी। अब वे 8 जनवरी को लेकसिटी में डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगे।





कपल शुक्रवार शाम करीब 5 बजे उदयपुर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर पहुंचा। एयरपोर्ट से बस के जरिए कोडियात स्थित ताज अरावली होटल के लिए रवाना हो गया। आयरा की मां रीना दत्ता, नूपुर शिखरे का परिवार और उनके दोस्त भी साथ में आए। इन सभी के बाद आमिर खान छोटे बेटे आजाद के साथ पहुंचे। वे लाल कुर्ते में थे, जबकि आजाद ने कैजुअल टी-शर्ट और ट्राउजर पहन रखा था। ताज अरावली होटल में 8 से 10 जनवरी तक शादी के कई फंक्शंस होंगे। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटी भी इन फंक्शंस में शिरकत कर सकती हैं। मुंबई में आयरा-नूपुर की रजिस्टर्ड मैरिज के फंक्शन में बिजनेसमैन मुकेश अंबानी व उनकी पत्नी नीता अंबानी भी मौजूद थे। आमिर खान उनका स्वागत करते नजर आए थे।

**रेगिस्तान के 55 से 0° तक के तापमान और रेतीले तूफान में भी गश्त**

# मौसम की चुनौती के बीच सीमा की निगरानी कर रहे भारतीय सैनिक

**■ घुसपैठ और मादक पदार्थों के तस्करी का डर**

**बेधड़क** | जैसलमेर

देश की रक्षा करने के लिए बीएसएफ जवान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मियों में 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर सर्दियों में शून्य डिग्री सेल्सियस तक-बीएसएफ कर्मियों राजस्थान के जैसलमेर जिले में विशाल रेगिस्तानी इलाके में भारत-पाकिस्तान सीमा पर नजर रखते हैं।

प्रकृति की अनियमितताओं में अंधाधुंध रेतीले तूफान भी शामिल है, उस दौरान जवानों को सोचना पड़ जाता है कि आखिर अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा किस तरह से की जाए। बीएसएफ की 154 बटालियन के कमांडेंट मंजीत सिंह ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि दूसरी ओर से घुसपैठ या मादक पदार्थों की तस्करी की कोई घटना न हो, 464 किमी लंबी सीमा पर कड़ी निगरानी और गश्त रखी जाती है। सिंह ने कहा, गर्मियों में बहुत अधिक तापमान, रेतीले तूफान और जमा देने वाली सर्दियों की चरम मौसम की स्थिति सीमा पर गश्त करने वाले सैनिकों के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि गर्मियों में तापमान 55 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाता है और सर्दियों में यह शून्य डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है।



### कूल जैकेट की होगी टेस्टिंग

कमांडेंट मंजीत सिंह ने कहा, इन क्षेत्रों में तैनात होने के बाद वे कई प्रक्रिया से गुजरते हैं और आसानी से परिस्थितियों के अनुकूल ढल जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय सीमा के इस हिस्से पर गश्त करने वाले सैनिकों के लिए कूल जैकेट पेश करने का प्रस्ताव है, जो शरीर के तापमान को छह से सात डिग्री सेल्सियस तक कम करने में मदद करेगा। अधिकारी ने कहा, कूल जैकेट का एक पायलट परीक्षण जल्द ही आयोजित किया जाएगा और यदि यह सफल साबित होता है।

### ऊंटों की मदद से होती है गश्त

गर्मियों में रेतीले तूफान भी एक बड़ी चुनौती हैं, क्योंकि उस दौरान गश्त करने वाली एसयूवी चलना संभव नहीं होता है। सिंह ने कहा, ऐसी स्थिति में, सैनिकों द्वारा गश्त ऊंट की पीठ पर की जाती है और इस सेक्टर में 44 ऊंटों को तैनात किया जाता है। ऊंट रेगिस्तान में सीमा गश्त का एक अभिन्न अंग हैं और हमारे जवान जल्द ही ऊंटों की सवारी करने में माहिर हो जाते हैं।

### ड्रोन से गतिविधियों पर रहती है खास नजर

सुरक्षा के दृष्टिकोण पर उन्होंने कहा कि ड्रोन गतिविधि की निगरानी करना सैनिकों की एक प्रमुख निगरानी गतिविधि है। बीएसएफ अधिकारी ने कहा, ड्रोन की मदद से मादक पदार्थों की तस्करी का खतरा है, लेकिन पूरे इलाके में हाई अलर्ट रखा जाता है और हाल के दिनों में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा, ड्रोन की गतिविधियां देखी गई हैं, लेकिन यह ज्यादातर सीमा के पाकिस्तान की ओर है और हमारे क्षेत्र में घुसपैठ नहीं की है, क्योंकि बीएसएफ द्वारा सख्त निगरानी व्यवस्था का पालन किया जाता है।

### स्थानीय लोगों की मिलती है पूरी मदद

अधिकारी ने कहा, जमीनी स्तर पर एक मजबूत खुफिया नेटवर्क के साथ-साथ संवेदनशील इलाकों की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी ने भी यह सुनिश्चित किया है कि दोनों ओर से सीमा पार न हो। उन्होंने कहा, सीमावर्ती गांवों के लोग अगर उनके क्षेत्र में कोई बाहरी व्यक्ति दिखता है, तो तुरंत बीएसएफ को सूचित करते हैं और हम उन लोगों को पकड़ने में सक्षम रहते हैं, जो सीमा पार करने या हमारी सीमा में घुसपैठ करने की योजना बना रहे थे। सिंह ने कहा, "सीमा पर दोहरी बाड़ लगाने से घुसपैठ की संभावना भी कम हो गई है। उन्होंने कहा कि चूंकि सीमा के दोनों ओर आबादी कम है।

**बदलाव:** रेजिडेंट्स को जिला अस्पतालों में देनी होगी तीन महीने अनिवार्य सेवा, ये उनके सिलेबस का ही हिस्सा

# डॉक्टरी की पढ़ाई वाले स्टूडेंट्स को मिलेंगी साल में 20 छुट्टियां

**बेधड़क** | जयपुर/कोटा

पोस्ट ग्रेजुएशन (पीजी) के मेडिकल स्टूडेंट्स के वर्क-लाइफ बैलेंस के मद्देनजर नेशनल मेडिकल कमीशन एनएमसी ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर कहा है कि सभी मेडिकल स्टूडेंट्स को साप्ताहिक छुट्टी दी जाएगी। साथ ही वे साल में 20 दिनों की सीएल यानी केजुअल लीव ले सकेंगे। नोटिफिकेशन में यह साफ नहीं किया गया है कि रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए काम के घंटे क्या रहेंगे। लंबे समय से देशभर के मेडिकल असोसिएशन इसकी मांग कर रहे हैं।

नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया है कि डॉक्टर्स को काम के उचित घंटों के लिए काम करना होगा और उन्हें आराम के लिए उचित समय दिया जाएगा। इस नोटिफिकेशन पर चर्चा करते हुए फोर्डा के अध्यक्ष डॉ अविरल माथुर का कहना है कि लंबे समय से हम डॉक्टरों के काम करने के घंटों को तय करने का मुद्दा उठाते रहे हैं लेकिन इस नई अधिसूचना में इस पर बात नहीं की गई।



### योग्यता आधारित होगी चयन प्रक्रिया

भारत में पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए सामान्य काउंसलिंग राज्य या केंद्रीय परामर्श अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, जिससे योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया सुनिश्चित होगी। एनएमसी की ओर से पिछले साल पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेज के लिए इनपुट मांगा गया था। प्रतिक्रिया और आंतरिक चर्चाओं पर संपूर्ण विचार-विमर्श करने के बाद परिणाम पीजीएमईआर-23 नियमों को 29 दिसंबर को नेशनल गैजेट में प्रकाशित किया गया था। हाल ही इसे एनएमसी वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।

### बिताने होंगे जिला अस्पताल में तीन महीने

नए अधिसूचना के अन्तर्गत स्पष्ट किया गया है कि पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल स्टूडेंट्स को जिला अस्पताल में कम से कम तीन महीने बिताने होंगे। ये उनके सिलेबस का ही एक हिस्सा होगा। इसका उद्देश्य पीजी स्टूडेंट्स को ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं से परिचित कराना है। नोटिफिकेशन में साथ ही ये भी कहा गया है कि पीजी कोर्सेज में एडमिशन के लिए सभी राउंड की काउंसलिंग सरकारी एजेंसियों द्वारा और ऑनलाइन मोड से की जाएगी, ताकि सभी एडमिशन मेरिट बेस पर हो इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। एडमिशन में किसी भी तरह से भ्रष्टाचार का कोई तरीका बच पाए।

## Yuva स्टोरीज




**एसयूपीडब्ल्यू कैंप 'जागृति' में सीखे समाज सेवा के संस्कार**

**जयपुर।** जयपुर। बियानी बी.एड. कॉलेज में पांच दिवसीय एसयूपीडब्ल्यू कैंप 'जागृति' का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के दूसरे दिन छात्राओं को सामाजिक कार्यों की महत्ता से वाकिफ कराया गया। कॉलेज के निदेशक ड़ॉ संजय बियानी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए ऊर्जावान रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होनें कहा कि हम सभी समाज का हिस्सा हैं और सभी में एकदूसरे के प्रति सेवाभाव होना जरूरी है। शिविर के तहत टीचर्स के सान्निध्य में किशन बाग कच्ची बस्ती और विद्याधर नगर कच्ची बस्ती में छात्रों ने लोगों को जरूरी वस्तुओं का वितरण किया। उन्होंने कंबल, गर्म कपड़े, दवाईयां और खाने-पीने की चीजें बांटी। साथ ही इस दौरान स्टूडेंट्स ने दोनों जगहों पर लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सफाई का महत्व समझाया। इसके अलावा डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि गतिविधियों के माध्यम से लोगों को सामाजिकता और सफाई का संदेश दिया गया।



**भावी आंत्रप्रेन्योर्स को मिलेगा नेटवर्क का बेहतरीन मंच**

**जयपुर।** एमआईसी एंव इंस्टीट्यूशन इनोवेशन कांउसिल (आईआईसी) ओर से एमिटी यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को पोस्टर प्रेजेंटेशन और प्रोजेक्ट शोकेस रीजनल मीट का आयोजन हुआ। राजस्थान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वुमन छात्राओं ने इस रीजनल मीट में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। शिक्षा मंत्रालय का ये आयोजन भावी आंत्रप्रेन्योर्स के लिए नेटवर्क स्थापित करने और इस फील्ड में एकदूसरे के साथ बेहतर सहयोग करने के लिए बेहतरीन मंच का काम करेगा। जिससे नए उत्पादों और नवीन तकनीकों के विकास करने में मदद मिलेगी और द्ेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाया जा सकेगा।



**राधाकृष्णन शिक्षक संघ ने किया स्नेह मिलन सम्मेलन**

**जयपुर। राधाकृष्णन शिक्षक संघ और शिक्षिका सेना के संयुक्त तत्वावधान में न्यू सांगानेर रोड़ स्थित बाबुल** पैराडाइज में नव वर्ष स्नेह मिलन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रदेशाध्यक्ष विजय सोनी, प्रदेश संयोजिका सुनीता भाटी, वरिष्ठ संरक्षक मेघसिंह चौहान , प्रदेश सभाध्यक्ष नारायण सिंह , गुरुजी भवानी शंकर जी जोशी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विजय सोनी ने मां सरस्वती और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की और गणेश वंदना की। कार्यक्रम में आए मेहमानों का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर चेयर रेस, रुमाल झप्पटा, नृत्य,संगीत आदि प्रतियोगिताओं भी हुई।




**नैक से (A+) ग्रेड मिलने की खुशी को किया सेलिब्रेट**

**जयपुर।** पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (नैक) की ओर से ए प्लस (A+) ग्रेड प्रदान की गई है। विभिन्न मापदंडों के गहन परीक्षण के आधार पर पांच वर्ष के लिए दी गई यह मान्यता कॉलेज व स्टूडेंट्स के लिए लाभप्रद साबित होगी। इस उपलब्धि को शुक्रवार को कैंपस में सेलिब्रेट किया गया।पूर्णिमा ग्रुप के डायरेक्टर राहुल सिंघी ने बताया कि नैक की A+ मान्यता से कॉलेज की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ेगी और कई माध्यमों से कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता अधिक बेहतर होगी। इससे डिग्री को दुनियाभर के संस्थानों व नियोक्ताओं की व्यापक मान्यता मिलेगी और कई प्रमुख कंपनियां प्लेसमेंट में यहां के स्टूडेंट्स को प्राथमिकता देगी।ग्रेड से फंडिंग व ग्रांट के अवसर भी बढ़ेंगे, जो इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रिसर्च प्रोजेक्ट्स व स्टूडेंट्स के लिए नई पहलों में सहायक साबित होंगे।

**असिस्टेंट प्रोफेसर, पीटीआई और लाइब्रेरियन एग्जाम**

# सरकार की पहली परीक्षा कल, जुटेंगे लाखों युवा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को असिस्टेंट प्रोफेसर, पीटीआई और लाइब्रेरियन परीक्षा- 2023 आयोजित की जाएगी। अजमेर, भरतपुर, जयपुर, जोधपुर, कोटा व उदयपुर जिला मुख्यालय पर दोपहर 12 से 2 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। एग्जाम की गोपनीयता को देखते हुए अजमेर में 3 घंटे इंटरनेट बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही आरपीएससी के 300 मीटर क्षेत्र में 144 लागू की गई है। संभागीय आयुक्त डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि रविवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष, एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक परीक्षा 2023 की गोपनीयता बनाए रखने की दृष्टि से अजमेर संभाग के जिला मुख्यालय अजमेर में रविवार दोपहर 11 से 2 बजे तक इंटरनेट बंद रहेगा। राजस्थान लोक सेवा आयोग एक संवैधानिक संस्था होने से उसके परिधि क्षेत्र में धारा 144 के अन्तर्गत 300 मीटर परिधि क्षेत्र की सीमाओं के अन्दर निषेधाज्ञा लागू कर प्रतिबन्ध लगाए गए हैं। प्रतिबन्धित क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्ति इकठ्ठे होकर किसी भी प्रकार का जमाव, धरना, प्रदर्शन, नारेबाजी आदि नहीं कर पाएंगे, न ही प्रतिबन्धित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग कर पाएंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद पहली बार यह प्रतियोगी परीक्षा हो रही है।



### 11 बजे तक आना होगा केंद्र में

सभी परीक्षार्थियों को 11 बजे से पूर्व ही परीक्षा केंद्र में अनिवार्यतः प्रवेश करना होगा। ठीक 11 बजे केंद्र के द्वार बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा, ऐसे में सभी अभ्यर्थी समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। जिला कलेक्टर ने बताया कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग ,नकल आदि को रोकने के लिए 10 सतर्कता दल गठित किए गए हैं। प्रत्येक दल में एक आरएएस, एक आरपीएस तथा एक आरईएस को शामिल किया गया है। सतर्कता दल के प्रभारी आरएएस अधिकारी परीक्षा से एक दिवस पहले भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

### जवाब के मिलेंगे पांच विकल्प

जिला कलेक्टर ने बताया कि यह परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की है जिसमें अभ्यर्थी को प्रत्येक प्रश्न में पांच विकल्प प्रदान किए जाएंगे। अभ्यर्थी यदि किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता तो उसे पांचवें विकल्प का गोला आवश्यक रूप से भरना होगा। नकल रोकने के लिए सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों की संख्या के अनुरूप ए, बी व सी श्रेणी बनाकर जाब्ता व तैनात किया जाएगा। फ्रिस्किंग और चेकिंग में लगने वाले समय को देखते हुए आवश्यकता के अनुसार टीमें लगाई गई हैं। पेपर लीक के संबंध में बने कानून के प्रावधान बहुत सख्त है यदि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सभी केंद्रों पर होगी वीडियोग्राफी

समस्त परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी करने के लिए केंद्रवार दो-दो वीडियोग्राफर नियुक्त किए गए हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए राजस्थान पथ परिवहन निगम द्वारा कई स्थानों पर साधारण एवं द्रुतगामी बसों में निःशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके साथ ही अतिरिक्त बसों का संचालन एवं अतिरिक्त स्टाफ की नियुक्ति की गई है। परीक्षार्थियों के लिए रियायती दरों पर धर्मशालाओं, सामुदायिक भवनों, अम्बेडकर भवन आदि में ठहरने की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। रैन बसेरों में निःशुल्क तथा होटलों में उचित दरों में ठहरने की व्यवस्था उपलब्ध करवाने की कार्यवाही की जा रही है।

### कड़ी सर्दी में भी नहीं पहन सकते टोपी, मफलर

सर्दी के प्रकोप को देखते हुए परीक्षार्थियों को केन्द्र पर नियुक्त कार्मिकों द्वारा गहनता से चैकिंग के उपरान्त गर्म कपड़े व जूतों को पहनने की अनुमति प्रदान की गई है। परीक्षा केन्द्रों पर सघन फ्रिस्किंग की व्यवस्था की गई है लेकिन टोपी, मफलर, इत्यादि नहीं पहने जा सकेंगे। परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राधीक्षक को कीपैड मोबाईल की अनुमति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक सहित केन्द्र में प्रविष्ट होने वाले किसी भी व्यक्ति को मोबाईल रखने की अनुमति नहीं रहेगी।



## मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सहभागिता जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

जेएनयू हॉस्पिटल परिसर में शुक्रवार को मातृ-शिशु स्वास्थ्य कल्याण के लिए फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य सशक्तिकरण को बढावा देने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में मातृ-शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्षेत्र की आशा सहयोगिनियों, मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता और समुदायों एवं सजग नागरिकों ने हिस्सा लिया।

जयपुर जिले के विभिन्न ब्लॉकों से 150 फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने भागीदारी निभाई। उन्होंने मातृव शिशुदर में कमी लाने जैसे विषय पर अपने अनुभव और ज्ञान साझा किया। इस आयोजन का उद्देश्य परस्पर आपसी सहयोग, ओर विश्वास के साथ मातृ- शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य देखभाल लक्ष्यों को प्राप्त करने में इन मामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानना था। जेएनयू के चांसलर डॉ. संदीप बख्शी ने सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में उनके अथक प्रयासों के लिए फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा किजेएनयू हॉस्पिटल ग्रामीण दूर दराज के क्षेत्रों में ढाणी-ढाणी जाकर सर्दी में होने वाली बीमारियों से माँ एवं शिशु को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है । उन्होंने जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली पहल का समर्थन करने के लिए जेएनयू हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता को पुनः व्यक्त किया।



**एबीवीपी के 'अमृत महोत्सव' में आएंगे प्रदेशभर से प्रतिनिधि**

**जयपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इस प्लेटिनम जुबली यात्रा के उपलक्ष्य में 8 जनवरी 2023 को जयपुर प्रांत का "अमृत महोत्सव समारोह"मनाया जाएगा। एबीवीपी की ओर से प्रांत के सभी जिलों से आने वाले प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया गया है।

**पहल** | **गणित आसान बनाने का तरीका है सिंगापुर मैथ्स**


# खिलौनों से बच्चे सीख रहे गणित के मुश्किल टॉपिक

**बेधड़क** | जयपुर

हाल ही में एक जारी एक रिपोर्ट के नतीजे बताते हैं कि सिंगापुर ने 2022 के पीआईएसए की परीक्षा में स्कूली छात्रों में गणित और विज्ञान में पढ़ाई में विश्व रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। सिंगापुर में बच्चे गणित की पढ़ाई में बहुत सफल रहते हैं। ये क्रेडिट वहां की मैथ्स के उन स्पेशल तरीकों को दिया जा सकता है जिसमें इस विषय को पढ़ाया जाता है।

गणित पढ़ाने के लिए सिंगापुर के नजरिए को ही आमतौर पर सिंगापुर मैथ्स के रूप में जाना जाता है। वहां बच्चे इसी तरीकों को अपनाकर गणित में सफल हो रहे हैं। सिंगापुर के शिक्षा मंत्रालय ने 1980 के दशक में अपने पब्लिक स्कूलों के लिए विकसित किया था। यह विधि बच्चों का ध्यान रटने से हटाकर वे जो कुछ पढ़ रहे हैं, उसके बारे में गहरी समझ विकसित करने पर लगाती है।

पीआईएसए यानी अंतरराष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम, ये 15 साल तक के बच्चों के शैक्षिक मानकों की रैंकिंग प्रणाली है, इसे आर्थिक सहयोग और विकास संगठन ओईसीडी ने शुरू किया था। पीआईएसए 2022 के तीन मुख्य विषयों में से एक गणित था और सिंगापुर के 15 साल के बच्चों ने इस परीक्षा में शामिल होने वाले 81 देशों के औसतन 472 अंक की तुलना में 575 अंक हासिल किए।




### बच्चे आगे बढ़ रहे गणित में

सिंगापुर में शिक्षाविदों का मानना है कि गणित का ज्ञान बच्चों-युवाओं को तार्किक और विश्लेषणात्मक रूप से सोचने में मजबूत बनाती है इसलिए वहां के युवा छोटी उम्र में ही रीजनिंग, कम्युनिकेशन और मॉडलिंग जैसी महत्वपूर्ण गणितीय प्रक्रियाओं को विकसित करना सीखते हैं।

### भारत में स्थिति है अलग

जबकि हमारे यहां भारत में स्थिति उलट है। हमारे यहां आज भी बच्चे गणित से कतराते हैं, उससे दूर भागने की कोशिश करते हैं। वस्तुस्थिति तो ये है कि दसवीं तक आते-आते बच्चे गणित से इतना आजिज आ जाते हैं कि वे पढ़ाई छोड़ने के बारे में सोचने लगते हैं। गणित की ट्यूशन भी महंगी है इस वजह से पेरेंट्स ये खर्च अफोर्ड नहीं कर पाते। कुछ बच्चे दसवीं के बाद गणित से दूर हो जाते हैं और दूसरे सब्जेक्ट्स के साथ आगे की पढ़ाई जारी रखते हैं। जहां तक बात सिंगापुर मैथ्स की है तो हाल ही में इसे कई दूसरे देशों ने विभिन्न रूपों में अपनाया है।

### कैसे पढ़ते हैं सिंगापुर मैथ्स से

बच्चों या यहां तक कि वयस्कों को भी गणित कठिन लग सकता है क्योंकि यह अमूर्त है। इसलिए सिंगापुर मैथ्स में बच्चों को गणित को रोचक तरीकों, अमूर्त नजरिए, चित्रों आदि के तरीकों से पढ़ाया जाता है। वहां के गणित विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों को क्यूब्स, चि़त्रों संख्यात्मक ऑब्जेक्ट्स के साथ सिखाया जाता है। दरअसल सिंगापुर गणित पद्धति याद रखने पर निर्भर नहीं है।

# 1857 की क्रांति के अग्रणी योद्धा थे तात्या



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय आज़ादी के पहले मुक्ति संग्राम 1857 में यूं तो देश के हज़ारों लोगों ने हिस्सेदारी की और अपनी जां को क़ुर्बान कर, इतिहास में हमेशा के लिए अमर हो गए, लेकिन कुछ नाम ऐसे हैं, जिनकी बहादुरी के किस्से आज भी फिज़ा में गूंजते हैं। रामचंद्र पाण्डुरंग येवालकर उर्फ तात्या टोपे, जंग-ए-आजादी का एक ऐसा ही नाम है। 10 मई, 1857 से शुरू हुई पहली जंग-ए-आज़ादी, आजादी के मतवालों का केन्द्र बने दिल्ली में 11 मई से 20 सितंबर, 1857 तक यानी चार महीने चली। लखनऊ में 10 महीनों तक यानी 21 मार्च, 1858 तक और बिहार में इस जंग का मोर्चा कुंवर सिंह और अमर सिंह ने अक्टूबर 1858 तक संभाला। वहीं तात्या टोपे ऐसे अकेले योद्धा थे, जो अंग्रेज़ों के खिलाफ लंबे समय तक यानी 17 जुलाई, 1857 से लेकर अप्रैल, 1859 तक मैदान में डटे रहे। तात्या टोपे ने अपनी गुरिल्ला युद्ध कला से ब्रिटिश साम्राज्य की नींव को हिला कर रख दिया। उन्होंने दुश्मन अंग्रेज सेना के खिलाफ़ लंबे दौर तक संघर्ष जारी रखा। जब स्वतंत्रता संघर्ष के सभी नेता एक-एक कर अंग्रेजों की आला सैनिक शक्ति के आगे पराजित हो गए, तो वे अकेले ही थे जो बगावत का परचम बुलंद करे रहे। उन्होंने लगातार कई महीनों तक उन आधा दर्जन ब्रिटिश कमांडरों को छकाया, जिनके युद्ध कौशल को सारी दुनिया सराहती थी। वे अपराजेय ही बने रहे। आख़िर में तात्या टोपे जब अंग्रेज़ों के चंगुल में आए भी तो शिकस्त के बाद नहीं, बल्कि अपनों की ही गद्दारी से। 18 अप्रैल, 1859 को उनको फांसी दिए जाने के बाद ही क्रांति की अंतिम चिंगारी बुझी।

अप्रतिम शौर्य की मिसाल मराठा वीर तात्या टोपे की ज़िंदगी की शुरुआत सामान्य ढंग से हुई। वे बिठूर में नाना साहब पेशवा के प्रधान लिपिक थे। नाना साहब की ज़िंदगी में आए उतार-चढ़ाव तात्या की ज़िंदगी में भी बदलाव लेकर आए। साल 1851 में मराठा सरदार पेशवा बाजीराव द्वितीय की मृत्यु के पश्चात नाना साहब उनके स्वाभाविक उत्तराधिकारी बने। मगर लार्ड डलहौजी की हड़प नीति ने पेशवा बाजीराव द्वितीय के दत्तक पुत्र नाना साहब को उनके राज्य, पदवी और पेंशन से बेदख़ल कर दिया। नाना धांधू बहादुर उर्फ नाना साहब बिठूर में अपनी खोई हुई मराठा सल्तनत को दोबारा बहाल करना चाहते थे। आख़िरकार, उन्हें अंग्रेजों से अपनी पराजय और अपमान का बदला लेने का मौका मिला मई, 1857 में। कानपुर में सिपाही विद्रोह के बाद नाना साहब ने विद्रोही सेना की कमान थाम ली और कानपुर पर कब्जा करने में कामयाब हो गए। संकट की इस घड़ी में तात्या को भी अपनी सैनिक योग्यता दिखाने का मौका मिला और जल्दी ही वे नाना के सैनिक सलाहकार बन गए। तात्या टोपे जो 1857 क्रांति की अज़ीम बगावत से पहले नाना साहब के एक तरह से साथी-मुसाहिब भर थे, का पेशवा की सेना के सेनाध्यक्ष पद तक पहुंचना उनकी अद्भुत शौर्य गाथा को बतलाता है। यह इसलिए भी आश्चर्यजनक है कि तात्या जब 1857 की क्रांति में कूदे, तो उन्हें युद्ध का कोई अनुभव नहीं था। उस दौर के औसत नौजवानों की तरह वे भी जंग के तौर-तरीकों से वाक़िफ़ भर थे। हां, गुरिल्ला युद्ध जिसमें उन्होंने अपने दुश्मनों को बड़ी महारत से मात दी, मराठा जाति का स्वाभाविक गुण था। जो उन्हें पीढ़ी दर पीढ़ी हासिल हुआ था। बहरहाल, वक्त की मार और क़िस्मत के फैसले ने तात्या टोपे को अपने से कई गुना ताकतवर अंग्रेजों की फौज के सामने लाकर खड़ा कर दिया था। अपने ऊपर आन पड़ी इन जिम्मेदारियों से तात्या ने कभी मुंह नहीं मोड़ा और अपनी सरज़मीं को आज़ाद कराने की खातिर आख़िरी वक्त तक अंग्रेज़ों से लड़ते रहे।



## अमर शहीद तात्या टोपे की जयंती आज

> *तात्या टोपे जो 1857 क्रांति की अज़ीम बगावत से पहले नाना साहब के एक तरह से साथी-मुसाहिब भर थे, का पेशवा की सेना के सेनाध्यक्ष पद तक पहुंचना उनकी अद्भुत शौर्य गाथा को बतलाता है। यह इसलिए भी आश्चर्यजनक है कि तात्या जब 1857 की क्रांति में कूदे, तो उन्हें युद्ध का कोई अनुभव नहीं था।*

उत्तर भारत में सत्ता के दो बड़े केन्द्र रहे कानपुर और ग्वालियर पर विजय, तात्या टोपे का अहम कारनामा था। कानपुर में तो तात्या का सामना क्रीमिया युद्ध के हीरो मेजर विंडहम से हुआ। अपने सीमित संसाधनों के बावजूद तात्या ने जंग के मैदान में उसे भी मात दे दी। ग्वालियर पर जीत तात्या टोपे की सबसे बड़ी जीत थी। ग्वालियर पर विजय प्राप्त कर तात्या टोपे का इरादा दक्षिण में क्रांति का विस्तार करना था। अपनी योजनाओं को सर-अंजाम तक पहुंचाने के लिए, तात्या को कुछ दिन ही मिल पाए थे कि अंग्रेज सेना से फिर उन्हें टक्कर लेना पड़ी। ग्वालियर के पास कोटा की सराय में क्रांतिकारी मराठी नेताओं और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के साथ मिलकर उन्होंने अंग्रेज़ी सेना से एक और युद्ध किया। जौरा अलीपुर की पराजय के पश्चात मध्य भारत में विद्रोह की रीढ़ टूट गई। रानी लक्ष्मीबाई की वीरगति और क्रांतिकारी नेताओं के समर्पण के बावजूद तात्या टोपे ने अपनी हार नहीं मानी। युद्ध में अपने साथी, सेना और हथियार गंवा चुके तात्या ने अंग्रेज़ों से मुक़ाबला करने के लिए अब बिल्कुल अलहदा रणनीति अपनाई। उनकी ये रणनीति थी, गुरिल्ला युद्ध यानी हमला करो और भाग लो। 22 जून, 1858 में जौरा अलीपुर की पराजय से लेकर 7 अप्रैल, 1859 को अपने पकड़े जाने तक तात्या टोपे अंग्रेज़ी सेना के चक्रव्यूह में बचते हुए चूहे-बिल्ली का खेल खेलते रहे। जिसकी वजह से बाद में उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गुरिल्ला सेनानायक के रूप में ख्याति मिली। तात्या के छापामार कारनामे कानपुर से लेकर राजपूताना और मध्य हिंदुस्तान तक फैले हुए थे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### प्रति सप्ताह दुनिया में चार लाख से ज्यादा मामले आ रहे हैं सामने

# कोरोना का नया वैरियंट चिंता का सबब




ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

> *दक्षिणी राज्यों ,खासकर तमिलनाडु में पिछले दिनों हुई भीषण बारिश ने अपना रौद्र रूप दिखाया है जिसके चलते राहत एवं बचाव के लिए सेना भी बुलानी पड़ी थी, ऐसी स्थिति में कोरोना के साथ साथ महामारी का अंदेशा और बढ़ जाता है। हृदय रोगियों को ऐसे हालात से बचाव बेहद जरूरी है। जबकि दुनिया में हृदयाघात की घटनाएं खासकर नौजवानों में तेजी से बढ़ रही हैं, यह चिंतनीय है।*

देश में कोरोना फिर सिर उठा रहा है। यह चिंता का सबब है। वह इसलिए कि देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। यही वह अहम वजह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया के देशों से निगरानी बढ़ाने का आग्रह किया है। संगठन ने दुनिया के देशों को चेतावनी देते हुए कहा है कि सबसे बडी चिंता की बात यह है कि कोरोना का उप स्वरूप जेएन-1 तेजी से उभर रहा है और इसमें उतनी ही तेजी से बदलाव हो रहे हैं। इसलिए जरूरी यह है कि सभी देश इस बाबत जानकारी लगातार आपस में साझा करते रहें। गौरतलब है कि देश में अब तक कोरोना से 5,33,332 से भी ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी हैं। अब तक देश में तकरीब साढ़े चार करोड़ से भी ज्यादा लोगों को कोरोना हो चुका है। सबसे ज्यादा चिंता तो कोरोना के सब वैरिएंट जेएन -1 की है जिसकी चपेट में आने वालों की तादाद तेजी से बढ़ती जा रही है।

बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 529 नए मामले आए हैं जबकि उपचाराधीन रोगियों की तादाद 4,093 दर्ज की गई है। यदि स्वास्थ्य मंत्रालय की मानें तो देश में साल के अंत में उत्तर भारत की तुलना में कोरोना के मरीजों की तादाद में दक्षिण भारत में ज्यादा बढ़ोतरी सामने आ रही है। देखा जाए तो इसका पहला मामला आठ दिसंबर को केरल में एक महिला में सामने आया था तब से इसमें आए दिन बढ़ोतरी ही हो रही है। यह भी ध्यान देने की बात है कि देश-दुनिया से कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। हरेक सप्ताह दुनिया में लगभग चार लाख से ज्यादा मामले सामने आए हैं। कोरोना का यह नया वैरियंट कई देशों में संक्रमण वृद्धि का कारण बन रहा है। इससे दुनिया के वैज्ञानिक खासे चिंतित हैं। उनका अनुमान है कि कोरोना का यह नया वैरियंट पिछले वैरियंट के मुकाबले ज्यादा संक्रामक हो सकता है। सबसे खराब हालत तो रूस की है, उसके बाद नम्बर सिंगापुर और फिर इटली का है। सिंगापुर में तो बीते सप्ताह के मुकाबले 75 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहां मरीजों की तादाद तकरीब 60 हजार के आंकड़े के करीब पहुंच गई है। वहां प्रशासन ने लोगों को मास्क लगाने के निर्देश दिए हैं। वह बात दीगर है कि दिल्ली स्थित आयुर्विज्ञान संस्थान के डाक्टरों का दावा है कि इससे लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। क्योंकि कोरोना के ऐसे वैरिएंट और लहरें तो आगे भी आएंगीं। लेकिन धीरे-धीरे रुग्णता और इससे होने वाली मृत्यु दर में कमी आती जाएगी। इसलिए सतर्क रहने की जरूरत है।



यह भी सत्य है कि डेल्टा जैसा खतरनाक वायरस नहीं आएगा, लेकिन एक हकीकत यह भी है कि बीमारी के वायरस मानव शरीर में मजबूती से जीवित रहने या अपना स्वरूप बदलने की कोशिश जरूर करेंगे। ऐसे हालात में जिन लोगों की प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होगी, उनकी जीवन शैली बेहतर होगी, उनका खान पान सही होगा, वे इस बीमारी से आसानी से लड़ पाएंगे। नया शोध तो यह भी दावा कर रहा है कि देश में लगभग 93 फीसदी लोगों में कोरोना से लड़ने वाली एन्टीबाडी मिली है। अन्तरराष्ट्रीय जर्नल पबमेड के दिसम्बर 2023 के अंक में प्रकाशित शोध से इस बात का खुलासा हुआ है। साथ ही यह भी कि शहरी आबादी के मुकाबले देश की ग्रामीण आबादी में एन्टीबाडी ज्यादा मिली है। संभावना तो यह भी व्यक्त की जा रही है कि यह नया वायरस ओमिक्रान वायरस के निकट का है। हकीकत यह है कि कोरोना का नया वैरियंट जेएन-1 ओमिक्रान सबवैरियंट बीए 2.86 का वंशज है। यह वैरियंट सितंबर महीने में अमरीका में सामने आया था। दिसंबर महीने के आखिरी हफ्ते में तकरीब 50 फीसदी से अधिक मरीज वहां के अस्पतालों में भर्ती हुए हैं। रायटर्स की मानें तो 15 दिसंबर को चीन में इस वैरियंट के सात मामले सामने आए थे। सीडीसी के अनुसार भले ही वैरियंट के नाम अलग अलग दिखते हों, लेकिन स्पाइक प्रोटीन में जेएन-1 और बीए 2.86 के बीच केवल एक ही बदलाव है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने समय रहते सतर्कता बरतने और राज्य सरकारों से तत्काल नमूने इकट्ठे करने के निर्देश दे दिए हैं। गौरतलब यह है कि देश में सबसे पहले कोरोना ने केरल में ही अपने पैर पसारे थे। वह मौसम भी सर्दियों का ही था। इसलिए मौसमी बदलावों को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। उस हालत में जबकि इन दिनों मौसमी अनियमितताएं काफी अपना असर दिखा रही हैं। ऐसे माहौल में यह मौसमी बदलाव बीमारियों की जड़ हैं जो इनकी बढ़ोतरी का अहम कारण है। फिर दक्षिणी राज्यों खासकर तमिलनाडु में पिछले दिनों हुई भीषण बारिश ने अपना रौद्र रूप दिखाया है, जिसके चलते राहत एवं बचाव के लिए सेना भी बुलानी पड़ी थी, ऐसी स्थिति में कोरोना के साथ साथ महामारी का अंदेशा और बढ़ जाता है। हृदय रोगियों को ऐसे हालात से बचाव बेहद जरूरी है। जबकि दुनिया में हृदयाघात की घटनाएं खासकर नौजवानों में तेजी से बढ़ रही हैं।

यह चिंतनीय है। उस हालत में और कि जब दिल्ली स्थित एम्स का एक अध्ययन यह साफ कर चुका है कि जो लोग कोविड-19 के ज्यादा गंभीर शिकार रहे हैं, उनको अधिक श्रम नहीं करना चाहिए और इस बारे में दी गई चेतावनियों का संजीदगी से पालन करना चाहिए। वह बात दीगर है कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान से अब हमने स्वास्थ्य ढांचे में काफी सुधार किया है, सुविधाओं का भी विस्तार हुआ है लेकिन इस सच्चाई को दरगुजर नहीं किया जा सकता कि सारी सुविधाओं-चिकित्सा सुविधाओं को धता बताने वाली दुनिया की सबसे बड़ी आबादी हमारे देश की है। नेशनल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोविड टास्क फोर्स के सह अध्यक्ष राजीव जयदेवन के अनुसार सात महीने के अंतराल के बाद भारत में कोबिड के मामले बढ़ रहे हैं। जेएन-1 तेजी से फैलने वाला वैरियंट है और यह बाकी वैरियंट्स के संस्करणों से काफी अलग है। कहने को तो इसके लक्षणों में बुखार, नाक बहना, गले में खराश, सिरदर्द और गैस्ट्रोइंटैस्टाइनल अहम हैं, लेकिन इसके अधिकांश रोगियों में हल्की सांस सम्बंधी दिक्कतों का अनुभव होता है जो आमतौर पर चार से पांच दिनों में ठीक हो जाता है। डब्ल्यूएचओ ने इसे वैरियंट आफ इंटरेस्ट नाम दिया है और कहा है कि इससे वैश्विक स्वास्थ्य के लिए कोई खतरा नहीं है। नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पाल की मानें तो इस वैरियंट से कोरोना के टीके लगवा चुके लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य सचिव सुधांशु पंत कहते हैं कि कोरोना का यह नया स्वरूप गहन जांच के दायरे में है और फिलहाल इससे कोई खतरा नहीं है। इस बारे में विशेषज्ञ चंद्रकांत लहारिया कहते हैं कि कोरोना के नए स्वरूप का उपचार प्रभावी है।

इसलिए बीमारी को नजरंदाज करना बहुत बड़ी बेवकूफी होगी और जानलेवा भी। सबसे बड़ी बात दूसरे देशों से आने वाले लोगों की निगरानी बेहद जरूरी है, क्योंकि कोरोना के खात्मे के बाद देश में अर्थ व्यवस्था के पटरी पर लौट आने, उसमें तेजी आने, समूची दुनिया में आवागमन में तेजी आने और यात्राओं के दौर में दिनों दिन बढ़ोतरी से बीमारियों के देश में आने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन इस खतरे से बचाव की सतर्कता सबसे बड़ी शर्त है। यह यात्रा, परिवहन, चिकित्सा और संक्रमण से बचाव के उपायों के बारे में समुचित प्रचार व प्रसार से ही संभव है, इसमें दो राय नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता



कवि
ब्रजेश कानूनगो

### डायरी

*डायरी के पन्ने से घास की खुशबू आती है*
*पत्तियों की सरसराहट*
*पेड़ की चीख के साथ*
*कुछ पक्षियों के उड़ जाने की आवाज को*
*सुनता हूं मैं*

*आंकड़ों की संपदा से भारी हैं कुछ पन्ने*
*कुछ तने हैं स्वाभिमान से*
*कुछ पन्ने गालियों से शर्मसार हैं*
*दर्शन की नई व्याख्या से*
*इतिहास लिखा गया है डायरी में*

*किसी स्त्री के खून से रंग गया है जैसे एक पन्ना*
*खूंखार जबड़ों से मुक्ति के संघर्ष में*
*छटपटा रहा है कोई बच्चा*
*मुस्कराहट भी बिखरी है डायरी में कुछ बच्चों की*
*मुक्ति ही जैसे उनके सत्य का अर्थ*

*पन्ने-पन्ने पर बिखरी हैं कथाएं*
*विज्ञान, राजनीति और अर्थशास्त्र का*
*सबक पढ़ा रहे हैं योगाचार्य*
*कथाओं के वृहद् कारोबार का विस्तार है इसमें*

*कारागार के भीतर ध्यान में लीन हैं पूजनीय बाबा*
*नाटक के जवाब में थियेटर को आग लगाते*
*प्रहसन की स्क्रिप्ट मौजूद है*
*बीते साल की डायरी में*

*कविताएं तो बहुत सारी हैं डायरी के पन्नों पर*
*एक में वसंत का सौन्दर्य बिखरा है*
*प्रेम में इतने लीन हैं कुछ पन्ने कि सुध-बुध खो बैठे हैं*
*उन्हें पता ही नहीं कि कितने बह गए*

*समुद्र के गुस्से के कारण*
*पहाड़ के प्रलय में कितने लापता हो गए*
*घनी-गहरी घांटियों में*
*दुख की बाढ़ से भीग रहा है पन्ना*
*कुछ फाड़कर निकाल दिए गए हैं*
*खाली छोड़ दिए गए हैं कुछ पन्ने जान बूझकर*

### नॉलेज कॉर्नर: मंदिर में कहीं भी नहीं लगेगा लोहा, पत्थरों की हुई लैब टेस्टिंग

# खास तकनीक से हो रहा राम मंदिर का निर्माण

अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर की तैयारियां खूब जोरों पर हैं। इसी महीने यानी जनवरी की 22 तारीख को रामलाल का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश की तमाम दिग्गज हस्तियां भी शिरकत करेंगी। वहीं श्रद्धालुओं को भी इस पावन अवसर को देखने का मौका मिलेगा। अयोध्या में बना रहे हैं इस राम मंदिर को बड़े ही शानदार तरीके से बनाया जा रहा है। पूरे मंदिर के निर्माण में लोहे का एक टुकड़ा तक इस्तेमाल नहीं किया गया है। मंदिर को एक खास तकनीक का इस्तेमाल करके बनाया जा रहा है। विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### पूरा निर्माण पत्थरों से

मंदिर में लोहे का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं किया गया है। ना ही मंदिर में कहीं सीमेंट का प्रयोग किया गया है। भगवान श्री राम का यह मंदिर पूरी तरह से पत्थरों से बनाया गया है। पत्थरों को जोड़ने के लिए इसमें तांबे का इस्तेमाल किया गया है। बता दें कि राम मंदिर में जो भी पत्थर लगाए जा रहे हैं उन सभी पत्थरों की पहले लैब टेस्टिंग कर रही गई है। ताकि उनकी मजबूती का अंदाजा भी लगाया जा सके और अलग-अलग परिस्थितियों में ही है संभालने के लायक बन रहे। मंदिर में नई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसमें 14 मीटर मोटी रोलर कंपैक्टेड कंक्रीट यानी आरसीसी बिछाई गई है। इसी से आर्टिफिशियल चट्टान बनाई गई है। नमी से बचने के लिए मंदिर का प्लिंथ ग्रेनाइट से बनाया गया है। मंदिर की डिजाइन की बात करें तो इस पारंपरिक और नगर शैली में बनाया जा रहा है।



### 3 फ्लोर का होगा राम मंदिर

मंदिर को ग्राउंड फ्लोर समेत तीन फ्लोर में बांटा गया है। हर एक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर 160 खंभे, हैं तो वहीं पहली मंजिल पर 132 खंभे और दूसरी मंजिल पर 34 खंभे हैं। कुल पूरे मंदिर में 392 खंभे और 44 द्वार होंगे। राम मंदिर की अलग-अलग मंजिलों पर अलग-अलग स्थल बनाए जा रहे हैं। मंदिर की ग्राउंड फ्लोर पर मंदिर का गर्भ ग्रह है। इस फ्लोर पर कुल 14 दरवाजे हैं और चार प्रवेश द्वार हैं। मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर गर्भ ग्रह होगा जिसमें भगवान श्री राम का बाल स्वरूप होगा। इसके साथ ही मंदिर के फर्स्ट फ्लोर पर भगवान श्री राम का दरबार होगा। जहां उनके भव्य मूर्तियां सजाई जाएंगी। यहां भगवान रामलीला विराजमान होंगे। चांदी और बाकी रतन से सजाया गया सिंहासन भी इसी फ्लोर पर मौजूद होगा।

### ऐसी होती है कृत्रिम चट्टान

*कृत्रिम चट्टान एक मानव निर्मित चट्टान होती है जो प्राकृतिक चट्टानों की तरह बनाई जाती है। इस तरह की चट्टान को बनाने में कॉम्पेक्टेड कंक्रीट, जहांज, मिट्टी जैसी चीजों का उपयोग किया जाता है जिससे उस चट्टान की मजबूती बनी रहे और विशेष कार्यों के लिए उसका उपयोग किया जा सके।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
आपके भीतर का जीवन अप्रिय नहीं हो सकता। मन में अप्रियता उत्पन्न हो जाती है।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
जीवन में समय चाहे जैसा भी हो, परिवार के साथ रहो। सुख हो तो बढ़ जाता है, और दुख हो तो बट जाता है।



**जया किशोरी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
समय अच्छा हो या बुरा, कुछ न कुछ सीखा के जाएगा।

## कांग्रेस ने की अहम नियुक्तियां: प्रत्याशियों के चयन के लिए बनाए राज्यों के कलस्टर, पांच स्क्रीनिंग समितियां गठित

# अलका महिला कांग्रेस की अध्यक्ष, वरुण चौधरी NSUI के प्रमुख

एजेंसी | नई दिल्ली





लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुटी कांग्रेस पार्टी ने संगठन को गतिशील बनाने तथा प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए शुक्रवार को कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। कांग्रेस ने अलका लांबा को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा वरुण चौधरी को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन(एनएसयूआई) का अध्यक्ष बनाया गया है( वरुण एनएसयूआई के मौजूदा अध्यक्ष नीरज कुंदन की जगह लेंगे। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए राहुल गांधी ने 5 छात्र नेताओं के इंटरव्यू लिए थे। इनमें राजस्थान से विनोद जाखड़, तेलंगाना से वेंकट और अनुलेखा, दिल्ली से वरुण चौधरी, हरियाणा से विशाल चौधरी के नाम शामिल थे। इस दौड़ में बाजी वरुण चौधरी के हाथ लगी है। वरुण चौधरी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के सबसे युवा सचिव रहे चुके हैं. वहीं, विनोद जाखड़ राजस्थान यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष रहे हैं। अलका लांबा एक सयम आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की करीबी नेता थी। उन्होंने कांग्रेस से बगावत कर आप का दामन थामा था। लेकिन बाद में उन्होंने कांग्रेस में वापसी करली थी। अब पार्टी ने उनको अहम पद देकर उनका कद बढ़ा दिया है। कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी गई जानकारी में कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से अखिल भारतीय महिला कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। अलका लांबा महिला कांग्रेस की अध्यक्ष होंगी, जबकि वरुण चौधरी को एनएसयूआई के अध्यक्ष होंगे।

### महिला कांग्रेस की महासचिव रह चुकी हैं अलका

अलका लांबा का राजनीतिक सफर 1994 में शुरू हुआ था। तब उन्हें कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई का संयोजक बनाया गया था। इसके बाद 1997 में उनको एनएसयूआई की अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वर्ष 2002 में उन्हें पार्टी ने भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव नियुक्त किया गया। इसके बाद अलका ने 2003 में भाजपा नेता मदन लाल खुराना के खिलाफ चुनाव लड़ा। हालांकि, वह चुनाव हार गई थीं। उन्होंने 2014 में वह कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। वह 2015 के विधानसभा चुनाव में वह आप के टिकट पर चुनाव लड़कर दिल्ली विधानसभा में पहुंची। उन्होंने 2019 में आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया और फिर से कांग्रेस में शामिल हो गईं।

### राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ एक कलस्टर में, रजनी पाटिल राजस्थान की अध्यक्ष

कांग्रेस ने प्रत्याशियों चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। कांग्रेस ने राज्यों को मिलाकर पांच क्लस्टर बनाए हैं, जिनके लिए अलग अलग स्क्रीनिंग कमेटियां बनाई गई हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को एक क्लस्टर में रखा गया है। इस कमेटी का चेयरमैन महाराष्ट्र की सांसद रजनी पाटिल को बनाया गया है। पाटिल के साथ ही स्क्रीनिंग कमेटी के अन्य सदस्य कृष्णा अल्लावरू और हॉकी खिलाड़ी परगट सिंह हैं। जबकि राज्यों के प्रभारी, सह प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता कमेटी के सदस्य रहेंगे।

### हरीश चौधरी को 6 राज्यों का जिम्मा

चौधरी को दक्षिण के 4 राज्य तेलंगना, कर्नाटक, तमिलनाडु केरल और दो केंद्र शासित प्रदेश (लक्षद्वीप और पुडुचेरी) में लोकसभा उम्मीदवार चयन के लिए स्क्रीनिग कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है.

### राजस्थान के लिए स्क्रीनिंग कमेटी

- रजनी पाटील (राज्यसभा सांसद)
- कृष्णा अल्लावुरु
- परगट सिंह (पूर्व मंत्री, पंजाब)

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस लगभग लोकसभा की आधी सीटों पर चुनाव लड़ने की सोच रही है. इसके साथ ही कांग्रेस आगामी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों पर भी जुटी हुई है। 14 जनवरी से शुरू होने वाली यात्रा के रोड मैप को अंतिम रूप दिया गया है। मणिपुर-मुंबई यात्रा अरुणाचल प्रदेश सहित 15 राज्यों के 100 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

### विस चुनाव में जनता के पैसे का इस्तेमाल: देवेगौड़ा



**बेंगलुरु।** जनता दल के प्रमुख एचडी देवेगौड़ा ने कांग्रेस पर सियासी प्रहार करते हुए दावा किया कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने पांच राज्यों में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी की मदद करने के लिए जनता के पैसे का इस्तेमाल किया। पांच राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस केवल तेलंगाना में जीत हासिल कर सकी थी। पार्टी तीनों हिंदीभाषी भाषी राज्यों में चुनाव हार गई थी और यहां भाजपा ने जीत हासिल की थी। हमारे उपमुख्यमंत्री और उनकी बदतमीजी। बेंगलुरु की सभी एजेंसियां (जैसे बृहद बेंगलुरु महानगर पालिका और बेंगलुरु विकास प्राधिकरण) और सिंचाई विभाग उनके पास हैं। यहां क्या हो रहा है यह देखकर मैं शर्मिंदा हो जाता हूं।

## चुनाव आयोग ने कांग्रेस की आशंकाओं को किया खारिज

# EVM पर हमें पूरा भरोसा यह सुरक्षित: चुनाव आयोग

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को ईवीएम और वीवीपैट पर कांग्रेस की ओर से व्यक्त की गई आशंकाओं को खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के आरोपों का खंडन करते कहा कि उन्होंने कोई नया दावा या कोई वैध चिंताएं नहीं उठाई हैं, जिसके लिए कोई स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो। हमें चुनाव में ईवीएम के इस्तेमाल पर पूरा भरोसा है और ईवीएम एकदम सुरक्षित है।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश को भेजे पत्र में ईवीएम के इस्तेमाल पर पूरा भरोसा जताया है और जयराम रमेश की चिंताओं को खारिज कर दिया। दरअसल, जयराम रमेश ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर वीवीपैट के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मिलने का समय मांगा था। चुनावों में ईवीएम के उपयोग के बारे में अन्य देशों और उनके संवैधानिक न्यायालयों के निर्णयों को संदर्भ से बाहर करार दिया। कानूनी ढांचे, तकनीकी सुरक्षा और प्रशासनिक सुरक्षा उपायों के आधार पर आयोग को चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल पर पूरा भरोसा है। ईवीएम पर सार्वजनिक डोमेन में नया अपडेट सहित पर्याप्त और व्यापक रूप से ईवीएम के इस्तेमाल के सभी उचित और वैध पहलुओं का उत्तर देता है।




### यूपीए सरकार में हुआ था वीवीपैट का फैसला

चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि जहां तक सवाल वीवीपैट का है तो इसे जोड़ने का फैसला साल 2013 में यूपीए सरकार के दौरान हुआ था। चुनाव आयोग आज भी उसी के तहत करवाई करता है, जिसमें 5 वीवीपैट के साथ मिलान करने का प्रावधान है।

### यह कहा था जयराम रमेश ने

जयराम रमेश ने पिछले साल 30 दिसंबर को चुनाव आयोग को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के एक प्रतिनिधिमंडल को वीवीपैट पर्चियों पर अपने विचार रखने के लिए समय दिया जाए। विपक्षी गठबंधन ने 19 दिसंबर को एक बैठक में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। विपक्षी गठबंधन ने पर्चियों और ईवीएम के 100 फीसदी मिलान की भी मांग की थी।

## सुप्रीम कोर्ट से तेजस्वी यादव को झटका

# मानहानि मामले को ट्रांसफर करने पर सुनवाई स्थगित

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को झटका देते हुए उनकी याचिका को 22 जनवरी तक स्थगित कर दिया। तेजस्वी यादव ने याचिका में अहमदाबाद की एक मजिस्ट्रेट अदालत में उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि की शिकायत को गुजरात के बाहर, खासतौर से दिल्ली में स्थानांतरित करने की मांग की है।

यह मामला तेजस्वी के बयान को लेकर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट में यादव की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। सिब्बल ने कोर्ट से तेजस्वी यादव के द्वारा की गई टिप्पणियों को वापस लेने पर एक हलफनामा दायर करने के लिए समय मांगा। मगर, न्यायाधीश ए एस ओका और न्यायाधीश उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले को 22 जनवरी तक के लिए टाल दिया। शीर्ष कोर्ट ने इससे पहले राजद नेता की याचिका पर सुनवाई करते हुए आपराधिक मानहानि शिकायत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। साथ ही याचिका दायर करने वाले गुजराती निवासी हरेश मेहता को नोटिस जारी किया था।





### अगस्त में तेजस्वी के खिलाफ शुरू हुई जांच

मानहानि के लिए तेजस्वी यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत शिकायत दर्ज की गई थी। गुजरात की कोर्ट ने पिछले साल अगस्त में तेजस्वी यादव के खिलाफ शुरुआती जांच की थी और हरेश मेहता द्वारा दायर शिकायत पर उन्हें समन जारी करने के लिए पर्याप्त आधार पाया था। ज्ञात रहे कि हरेश मेहता की शिकायत के मुताबिक, तेजस्वी यादव ने मार्च 2023 में पटना में मीडिया से बात करते हुए कहा था, "वर्तमान स्थिति में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। मेहता ने दावा किया है कि तेजस्वी यादव ने अपने बयानों से सभी गुजरातियों को बदनाम किया है।

### पूर्व MLA व सहयोगियों के ठिकानों पर छापे

**यमुनानगर (हरियाणा)।** हरियाणा के यमुनानगर में पूर्व इनेलो विधायक दिलबाग सिंह और उनके करीबियों के घर व कार्यालयों पर दो दिन से चल रही ईडी की कार्रवाई में करोड़ों की नकदी, सोने के बिस्कुट, विदेशी शराब व हथियार बरामद हुए हैं। गुरुवार की सुबह सात बजे शुरू हुई ईडी की कार्रवाई शुक्रवार की रात तक जारी रही। ईडी ने आबकारी विभाग की टीम को साथ लेकर खंड प्रतापनगर के फैजपुर में पांच विदेशी निर्मित हथियार, 304 कारतूस और विभिन्न ब्रांडों की विदेशी शराब की 138 बोतलें बरामद की हैं। टीम ने बरामद हथियार, कारतूस और शराब की बोतलें थाना प्रतापनगर में जमा कर दी हैं।

## यूपी मंत्रिमंडल का विस्तार 22 जनवरी के बाद संभव

# राजभर व दारा सिंह हो सकते हैं योगी कैबिनेट में शामिल

एजेंसी | लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद राज्य के योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है।

नए मंत्रिमंडल में ओम प्रकाश राजभर को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। सुभासपा मुखिया ने खुद यह दावा किया है। राजभर ने कहा है कि जल्द योगी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार होगा और वह सिर्फ मंत्री नहीं बल्कि कैबिनेट मंत्री बनने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी दारा सिंह चौहान व ओपी राजभर के साथ-साथ सिद्धार्थनाथ सिंह, महेंद्र सिंह और आकाश सक्सेना को भी मंत्रिमंडल में शामिल कराना चाहते हैं। जाहिर है कि इस पर अंतिम फैसला नहीं हो पा रहा है, जिसकी वजह से मंत्रिमंडल का विस्तार अटका हुआ है।



### यह है राजभर का गणित

ज्ञात रहे कि पूर्वांचल की 26 सीटों पर ओम प्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा का प्रभाव माना जाता है, जहां सपा को रोकने में वह भाजपा के लिए मददगार साबित हो सकते हैं। राजभर को इसी शर्त के साथ राजग में लाया गया था कि उन्हें योगी सरकार में मंत्री बनाया जाएगा लेकिन उनके राजग में शामिल होने के काफी समय बाद तक योगी की टीम का विस्तार नहीं हो सका है।

### संजय सिंह व मालीवाल होंगे आप प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने शराब घोटाले में जेल में बंद संजय सिंह को दोबारा राज्यसभा भेजने का निर्णय किया है। संजय सिंह के साथ-साथ दिल्ली महिला आयोग की चैयरमैन स्वाति मालीवाल को पहली बार राज्यसभा भेजने का निर्णय किया गया है। इधर भाजपा ने आरोप लगाया है कि संजय सिंह को दोबारा राज्यसभा भेजने का निर्णय कर अरविंद केजरीवाल ने यह साफ कर दिया है कि उनकी राजनीति केवल भ्रष्टाचार के दम पर ही आगे बढ़ रही है। संजय सिंह शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में इस समय जेल में बंद हैं। इसी महीने दिल्ली की तीनों राज्यसभा सीटें रिक्त हो रही हैं, जिन पर 19 जनवरी को चुनाव कराया जाएगा।

### पंचायत से संसद तक कार्यक्रम



*नई दिल्ली। संसद ने शुक्रवार को विभिन्न राज्यों की पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों की विभिन्न पृष्ठभूमि की 500 से अधिक महिला प्रतिनिधियों के लिए 'पंचायत से संसद तक' नामक कार्यक्रम की मेजबानी की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में कार्यक्रम का उद्घाटन किया।*

## लोकसभा चुनाव के लिए व्यूह रचना

# भाजपा: यूपी में रणनीति तय, बिहार में नीतीश के कदमों पर सियासी नजर

### कमजोर स्थिति वाली सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा जल्द संभव

एजेंसी | नई दिल्ली





अबकी बार, 400 पार के नारे पर लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच गई है। इसके साथ ही पार्टी ने हाल में हुए विधानसभा चुनाव की तरह ही लोकसभा चुनाव के लिए उन संसदीय सीटों पर अपने प्रत्याशी जल्द घोषित करने की तैयारी भी करली है, जहां उसकी स्थिति कमजोर है। इनमें 2019 के लोकसभा चुनाव में हारी हुई 133 सीटें तथा 27 अन्य सीटें शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार पार्टी अपनी पहली सूची अयोध्या में राम मंदिर की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद जारी कर सकती है। पंजाब, बिहार व महाराष्ट्र में पुराने सहयोगी दल अब भाजपा के साथ नहीं है। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल, बिहार में नीतीश की जदयू और महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे का साथ पहले ही छूट चुका है। पार्टी को अब नए सहयोगी दलों की भी तलाश है।

भारतीय जनता पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश और बिहार में चुनावी सफलता सबसे अहम है। उत्तर प्रदेश में उसकी सरकार है तथा पार्टी के साथ कुछ छोटे दल भी हैं। भाजपा का वहां मुख्य मुकाबला समाजवादी पार्टी और उसके सहयोगी दलों से है। कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के बीच सीटों का बंटवार उसकी चुनावी रणनीति की दृष्टि से काफी अहम होगा। इसी बात को ध्यान में रखकर भाजपा उत्तर प्रदेश व बिहार के लिए अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवार को अंतिम रूप देने में लगी है।

सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश और बिहार की चार-चार लोकसभा सीटों पर किस दल को लड़ाया जाएगा, यह विपक्षी दलों की स्थिति साफ होने के बाद तय किया जाएगा। राजग के सभी दलों की इस पर अंतिम सहमति भी बन गई है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में इस बार भी अनुप्रिया पटेल की पार्टी अपना दल (एस) को पूर्वांचल की दो सीटें मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज मिल सकती हैं। पिछले चुनाव में अपना दल (एस) ने अपनी सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए पूरी मशक्कत की थी, लेकिन भाजपा ने उनकी बात नहीं मानी। इस बार भी अपना दल (एस) की सीटों की संख्या बढ़ाई जाने की उम्मीद कम है।

इसके अलावा एक और सहयोगी दल निषाद पार्टी के प्रत्याशी को मैदान में उतारे जाने के आसार हैं। वहीं, अखिलेश यादव से खटपट के बाद भाजपा के खेमे के साथ आए ओम प्रकाश राजभर की पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को एक टिकट मिल सकता है। इन दलों के समर्थन से पूर्वांचल में भाजपा को मदद मिल सकती है।

### लोजपा व मांझी का साथ पर नीतीश हैं दूर

भाजपा सूत्रों के अनुसार, इसी प्रकार बिहार में भी सहयोगी दलों में समझौते को लेकर सहमति बन गई है। लोजपा को एक करते हुए उसे एक बार फिर छह सीटें दी जा सकती हैं, तो जीतनराम मांझी को एक से दो सीटें मिल सकती हैं। बिहार में भाजपा की नजर राज्य के हाल के राजनीतिक घटनाक्रम पर टिकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही जदयू अध्यक्ष का पद वापस संभाल लिया है। अब नीतीश कुमार और उनके मुख्य राजनीतिक सहयोगी राजद के बीच के संभावित समीकरणों पर भाजपा की चुनावी व्यूह रचना निर्भर करेगी। कई तरह की राजनीतिक अटकलें राज्य में जारी हैं। लोग सवाल यह भी कर रहे हैं कि क्या नीतीश फिर राजग के साथ लौट आएंगे या विपक्षी गठबंधन इंडिया के संयोजक बनकर मैदान में सामने होंगे। भाजपा की रणनीति नीतीश के सियासी कदमों पर निर्भर करेगी। सूत्रों के अनुसार इसी प्रकार दक्षिण और पूर्वोत्तर में भी सहयोगियों से सीटों पर बातचीत लगभग अंतिम दौर में पहुंच चुकी है।

## जरूरी खबर

### चार हाई कोर्ट के लिए जजों के नामों की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने चार हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के लिए केंद्र को पांच नामों की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने जम्मू कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के जस्टिस राहुल भारती और जस्टिस मोक्ष खजूरिया काजमी को स्थायी न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने की सिफारिश की है। इसके अलावा, अतिरिक्त न्यायाधीश अभय आहूजा को भी बंबई उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने पर विचार करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने न्यायिक अधिकारी श्रीमती चैताली चटर्जी दास के नाम की कोलकाता हाई कोर्ट और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के लिए न्यायिक अधिकारी अरविंद कुमार के नाम की भी सिफारिश की है।

### ज्ञानवापी मामला: ASI सर्वे रिपोर्ट पर सुनवाई टली



**लखनऊ।** ज्ञानवापी परिसर से संबंधित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट के सार्वजनिक करने के मामले में शुक्रवार को भी आदेश नहीं आया। वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत शनिवार को आदेश दे सकती है। गुरुवार को अदालत का फैसला आना था, मगर सुनवाई टल गई। आदेश के लिए शुक्रवार की तिथि तय की गई थी लेकिन सुनवाई फिर टल गई। जिला जज की अदालत में आवेदन देकर कहा कि 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए। क्योंकि इलाहबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है।

### हलाल सर्टिफिकेट मामले में नोटिस जारी, मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हलाल सर्टिफिकेट वाले उत्पादों की बिक्री, भंडारण और वितरण पर रोक लगाने संबंधी अधिसूचना को चुनौती देने वाली दो अलग-अलग याचिकाओं पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य से जवाब मांगा। इस दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि इन याचिकाओं पर कोर्ट को क्यों विचार करना चाहिए? अधिसूचना पिछले साल 18 नवंबर को आयुक्त, खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के कार्यालय की ओर से जारी की गई थी।

## गणतंत्र दिवस एनसीसी शिविर का उद्घाटन







*नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस एनसीसी शिविर 2024 का नई दिल्ली में शुक्रवार को उद्घाटन हुआ। इस दौरान शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते कैडेट और फ्लैग एरिया में कैडेट के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।*

**पश्चिम बंगाल: राज्यपाल ने किया गृह सचिव व डीजीपी को तलब**

# ईडी टीम व सुरक्षा कर्मियों पर हमला, तीन अफसर घायल

एजेंसी | कोलकाता/ उत्तर 24 परगना

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में शुक्रवार को राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी के एक नेता के घर छापा मारने पहुंची प्रवर्तन निदेशालय की टीम व सुरक्षाकर्मियों पर भीड़ ने हमला कर दिया और उनके वाहनों में तोड़फोड़ की।

टीम कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पर छापा मारने पहुंची थी। हमले में तीन अधिकारी घायल हो गए हैं। घायल अफसरों को अस्पताल में भर्ती कराया है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने हमले की निंदा की है और मामले को लेकर गृह सचिव और डीजीपी को तलब किया है। एक अधिकारी ने बताया कि जब




ईडी अधिकारी शुक्रवार सुबह संदेशखली इलाके में शाहजहां शेख के आवास पर पहुंचे तो बड़ी संख्या में टीएमसी के समर्थकों ने ईडी अधिकारियों और उनके साथ आए केंद्रीय बलों के जवानों को घेर लिया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शन किया और फिर उन पर हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने टीम को वहां से जाने के लिए मजबूर कर दिया। ईडी अधिकारी अपने क्षतिग्रस्त वाहनों को वहीं छोड़कर ऑटो रिक्शा और दोपहिया वाहनों पर सवार होकर वहां से चले गए। ईडी के एक अधिकारी ने कहा , इस तरह का हमला अप्रत्याशित है। हमारे अधिकारियों को खुद को बचाने के लिए इलाके से भागना पड़ा। हमारे और केंद्रीय बलों के वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए गए। बता दें कि शाहजहां शेख के अलावा शंकर आध्या के घर पर भी छापे मारे गए हैं। राशन घोटाले के मामले में खाद्य आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक पहले ही जेल में हैं। शाहजहां शेख को राज्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी सहयोगी माना जाता है।

### पश्चिम बंगाल बनाना रिपब्लिक नहीं: बोस

बोस ने कहा, यदि सरकार अपने मूल कर्तव्य में विफल रहती है तो संविधान अपना काम करेगा। पश्चिम बंगाल बनाना रिपब्लिक नहीं है। ऐसे में सरकार को लोकतंत्र में बर्बरता और गुंडागर्दी रोकनी चाहिए।

### अधिकारियों ने लोगों को उकसाया: सेन

टीएमसी सांसद शांतनु सेन का कहना है कि,केंद्रीय बलों से घिरे केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को भड़काया, इसलिए लगातार जवाबी प्रतिक्रियाएं होती रहीं।

### 'आज हमला हुआ, कल हत्या भी हो सकती है'

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा,ईडी अधिकारियों पर सत्तारूढ़ सरकार के गुंडों के हमले के बाद यह स्पष्ट है कि राज्य में कोई कानून-व्यवस्था नहीं है। आज वे घायल हुए, कल उनकी हत्या भी हो सकती है, यह मेरे लिए आश्चर्य की बात नहीं होगी।

**टी20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल घोषित**

## भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत नौ जून को

एजेंसी | नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी-20 विश्वकप कप 2024 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट की शुरुआत 1 जून से होगी। उद्घाटन मैच में अमेरिका की भिड़ंत कनाडा के साथ होगी। भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा।

इस बार विश्व कप की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका कर रहे हैं। ग्रुप स्टेज के मुकाबले एक जून से लेकर 18 जून तक खेले जाएंगे। इसके बाद 19 जून से लेकर 24 जून तक सुपर 8 चरण के मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले 26 और 27 जून को होंगे। वहीं, खिताबी मैच 29 जून को खेला जाएगा।

भारतीय टीम अपने उद्घाटन मैच के बाद दूसरे मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी। इसके बाद 12 जून को अमेरिका और 15 जून को ग्रुप स्टेज में अपने आखिरी मुकाबले में कनाडा के साथ खेलेगी। यह मैच फ्लोरिडा में खेला जाएगा।

### भारत के मैच कब कब

| तारीख | देश |
|---|---|
| 5 जून | आयरलैंड |
| 9 जून | पाकिस्तान |
| 12 जून | अमेरिका |
| 15 जून | कनाडा |

### भारतीय टीम ग्रुप-ए में

टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में ग्रुप-ए में रखा गया है। ग्रुप-ए में भारत के अलावा पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका शामिल हैं। दूसरे ग्रुप में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड और ओमान शामिल हैं। ग्रुप-सी में न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी तथा ग्रुप-डी में साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की टीमें शामिल हैं।

**सेंथिल बालाजी को बड़ी राहत**

## राज्यपाल नहीं कर सकते बर्खास्त

एजेंसी | नई दिल्ली

तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले के चलते सेंथिल बालाजी को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। न्यायाधीश अभय एस ओका और न्यायाधीश उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि मुख्यमंत्री की सिफारिश के बिना राज्यपाल किसी मंत्री को बर्खास्त नहीं कर सकते हैं। साथ ही कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप



करने से भी इनकार कर दिया। इससे पहले हाई कोर्ट ने बालाजी को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ चेन्नई के सामाजिक कार्यकर्ता एमएल रवि ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। बता दें कि सेंथिल बालाजी को पिछले साल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। स्टालिन सरकार के मंत्री संथिल बालाजी पर 2011 और 2015 के बीच अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार में परिवहन मंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान नौकरी के बदले नकदी घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, सेंथिल बालाजी बाद में डीएमके में शामिल हो गए थे।

**केंद्रीय मंत्रिमंडल का अहम फैसला**

## अयोध्या एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय दर्जा

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अयोध्या में नवनिर्मित हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा दे दिया है। इस बारे में नागरिक उड्डयन मंत्रालय के प्रस्ताव को शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृति दी गई। इसका नाम महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अयोध्या धाम रखा गया है। इस फैसले से अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के तौर पर विकसित करने के काम में तेजी आने की उम्मीद है।



### आचार्यों को पहली बार 18 जनवरी को होंगे अचल मूर्ति के दर्शन

वैदिक आचार्य सुनील लक्ष्मीकांत दीक्षित ने बताया कि नवनिर्मित अचल मूर्ति के दर्शन आचार्यों को 18 जनवरी को पहली बार होंगे। राममंदिर के ईशान कोण में पूजन के लिए यज्ञ मंडप बनाया जा रहा है। जिसमें नौ हवन कुंड का निर्माण हो रहा है, अब तक चार कुंड बन चुके हैं, दस जनवरी तक हवन कुंड निर्माण का काम पूरा हो जाएगा।

### काशी के आचार्य पहुंचे अयोध्या

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 16 जनवरी से शुरू हो जाएगा। अनुष्ठान की तैयारी को लेकर काशी के आचार्य भी अयोध्या पहुंच गए हैं। मंडप व हवन कुंडों का निर्माण तेजी से चल रहा है। आचार्यों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के साथ बैठक भी की। राममंदिर के गर्भगृह में दो मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। विराजमान रामलला उत्सव मूर्ति व नवनिर्मित रामलला अचल मूर्ति के रूप में प्राण प्रतिष्ठित होंगे।


**भारत का सूर्य मिशन**

# इसरो आदित्य एल-1 को लैंग्रेज-1 पॉइंट पर करेगा आज स्थापित

एजेंसी | बेंगलुरु

सूर्य का अध्ययन करने वाला भारत का पहला मिशन आदित्य एल1 अपनी मंजिल के काफी करीब पहुंच गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 6 जनवरी की शाम को इसे उसकी अंतिम कक्षा लैंग्रेज-1 में स्थापित करेगा। इसरो ने इसकी पूरी तैयारी करली है। आदित्य एल1 का प्रक्षेपण पिछले साल 2 सितंबर को किया गया था।

इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने बताया कि भारत का पहला सूर्य मिशन आदित्य एल-1 ठीक से काम कर रहा है और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। छह जनवरी



की शाम चार बजे वह लैंग्रेज-1 बिंदु पर हैलो ऑर्बिट कक्षा में पहुंच जाएगा। भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान के निदेशक अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम ने बताया कि आदित्य एल-1, एल-1 बिंदु के चारों ओर एक ऐसे ऑर्बिट में पहुंचेगा, जहां जैसे-जैसे पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है, एल-1 बिंदु भी घूमेगा। बुधवार तक आदित्य ने अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक 124 दिन पूरे कर लिए थे।

### क्या है क्या है लैंग्रेज पॉइंट

लैंग्रेज-1 पॉइंट वह स्थान है, जहां पृथ्वी और सूर्य दोनों ग्रहों के गुरुत्वाकर्षण के बीच संतुलन रहता है। यह बिंदु पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर है, जो सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी का मात्र एक फीसदी है। एल-1 अन्य लैंग्रेज प्वाइंट से अपेक्षाकृत अधिक स्थिर स्थिति है। एल1 प्वाइंट के चारों ओर 'हेलो' कक्षा में स्थिति उपग्रह से सूर्य को लगातार देखा जा सकता है।

### लॉन्चिंग के 16 दिन बाद जुटाने लग गया था डेटा

आदित्यएल-1 ने अपनी यात्रा के केवल 16 दिन बाद 18सितंबर से वैज्ञानिक डेटा एकत्र करने और सूर्य की इमेजिंग शुरू कर दी थी। वैज्ञानिकों ने अब तक सौर ज्वालाओं के हाई एनर्जी एक्स रे, कंप्लीट सन डिस्क इमेज और दूसरी कई झलकों को हासिल किया है।

### क्या है इस मिशन का मुख्य उद्देश्य

इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सौर वातावरण में गतिशीलता, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सूर्य की सतह पर सौर भूकंप या 'कोरोनल मास इजेक्शन' (सीएमई), सूर्य के धधकने संबंधी गतिविधियों और उनकी विशेषताओं तथा पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं को समझना है।

### सात पेलोड हैं आदित्य एल-1 के पास

आदित्य एल-1 के पास सात साइंटिफिक पेलोड हैं जिनमें विजिबल एमिशन लाइन कोरोनोग्राफ (वीईएलसी), सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी), सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (SoLEXS), हाई-एनर्जी L1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (HEL1OS) शामिल हैं। ये पेलोड सूर्य का अध्ययन करने और उसमें होने वाले रिएक्शन को कैप्चर करके डेटा वै ज्ञानिकों के पास भेजेंगे।

### फ्यूल सेल फ्लाइट का सफल परीक्षण

इसरो ने शुक्रवार को फ्यूल सेल तकनीक (ईंधन सेल प्रौद्योगिकी) का सफल परीक्षण किया। इसे बहुत ही अहम सफलता बताया गया है। इसरो के भविष्य के मिशन और डेटा एकत्र करने के लिहाज से फ्यूल सेल तकनीक बेहद अहम है। इस तकनीक की मदद से ईंधन रिचार्ज किया जा सकता है और इससे कोई उत्सर्जन भी नहीं होता। अंतरिक्ष में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और पीने के पानी के लिए यह तकनीक सबसे आदर्श बताई गई है। इसरो ने अंतरिक्ष में 100 वॉट श्रेणी के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेंब्रेन फ्यूल सेल पर आधारित पावर सिस्टम का सफल परीक्षण किया। इसरो ने बीते 1 जनवरी को पीएसएलवी-सी58 मिशन के साथ पीएसएलवी कक्षीय प्रयोगात्मक मॉड्यूल (POEM) को भी लॉन्च किया था। इस परीक्षण के दौरान हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस की मदद से हाई प्रेशर वेसल में 180 वॉट ऊर्जा उत्पन्न की गई। दरअसल POEM एक प्लेटफॉर्म या मंच है जो वैज्ञानिकों को कक्षा में ही प्रयोग करने के अवसर प्रदान करेगा।

### सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा ने की गोशाला विजिट

# ‘रामाभिषेकम्’ की सफलता के लिए किया गोमाता का पूजन

**बेधड़क.जयपुर।** ‘सच बेधड़क’ मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा गोमाता का आशीर्वाद लेने शुक्रवार को पिंजरापोल गोशाला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गायों की सेवा की। शर्मा ने गोशाला में गायों को चारा खिलाया और गो पूजन करते हुए 15 जनवरी को होने वाले रामाभिषेकम् कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रार्थना की और आशीर्वाद लिया। विजिट के दौरान सच बेधड़क की टीम और अन्य अधिकारी भी गोशाला में मौजूद रहे। अन्य गणमान्य लोगों ने शर्मा से मुलाकात करते हुए चर्चा की।



#### जैविक खेती और उत्पादों की ली जानकारी

‘सच बेधड़क’ टीम ने शर्मा के साथ वहां जैविक खेती और गौ धन से बने उत्पादों के बारे में करीब से जाना। हेनिमेन चैरिटेबल मिशन सोसायटी संस्थापक अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने शर्मा को गोशाला की विजिट कराई। गुप्ता ने टीम को उत्पादों की जानकारी दी। ऐसे में विनायक शर्मा ने जैविक खेती की पहल की तारीफ की। उन्होंने तकनीक के साथ परंपराओं और संस्कृति को साथ लेकर चलने की बात कही। शर्मा ने भगवत गीता और रामचरितमानस का उदाहरण देते हुए आध्यात्मिकता का महत्व समझाया।

#### रामाभिषेकम् का दिया निमंत्रण

गोशाला विजिट के दौरान ‘सच बेधड़क’ मीडिया ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा भी मौजूद रहे। पिंजरापोल गोशाला पहुंचने पर गोशाला प्रबंधन और हेनिमेन चैरिटेबल मिशन सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने विनायक शर्मा का जोरदार स्वागत किया। गोशाला विजिट के दौरान शर्मा ने 15 जनवरी को होने वाले रामभिषेकम कार्यक्रम के लिए पिंजरापोल गोशाला प्रबंधन और वहां मौजूद सभी लोगों को निमंत्रण दिया।

## स्टार्स-सनराइजर्स भिड़ेंगे



**बेधड़क. जयपुर।** एएमपीएल-2024 के 7वें सीजने का फाइनल स्टार्स और सनराइजर्स के बीच होगा। इसके लिए शुक्रवार को 2 धमाकेदार सेमीफाइनल मुकाबले देखने को मिले, जिसमें सुभाष नगर सनराइजर्स ने अग्रवाल फार्म ब्लास्टर्स को 10 विकेट्स से हरा दिया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच सनराइजर्स की साक्षी मोदी रही, जिन्होंने बल्लेबाजी करते हुए 26 गेंदों पर 43 रन और गेंदबाजी में 3 ओवर में मात्र 7 रन दिए। इस दौरान फाइनल में पहुंचने का जश्न ग्राउंड पर ही मनाया गया। तेज हवाएं और सर्दी के साथ कोहरा भी प्लेयर्स को नहीं रोक सका और उन्होंने दोनों मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए माहौल में गर्मी भर दी। भगवान दास मंगल ने बताया कि फाइनल के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिसमें जयपुर के सेलिब्रिटीज के साथ वीआईपीज प्लेयर्स का उत्साह बढ़ाएंगे तो उनके लिए विशेष ट्रॉफी बनाई गई है। एक मुकाबले में मैच की प्लेयर ऑफ द मैच क्वींस की रेणुका रहीं। टोंक रोड स्टार्स ने मानसरोवर क्वींस को एक रोमांचक मैच में 4 रनों से शिकस्त दी। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच स्टार्स की रुचि रही, जिन्होंने मात्र 14 रन दे कर महत्वपूर्ण विकेट लिए।

## जूनियर मॉडल करेंगे वॉक




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में नन्हें कदम कैट व लॉयन वॉक करते हुए नजर आएंगे। रैंप पर जूनियर मॉडल्स का जलवा होगा तो जयपुर का टैलेंट देश भर में पहुंचेगा। इसके लिए अनूठा शो किड्स फैशन फेस्टिवल-2024 विक्टोरिया पैलेस में रविवार को आयोजित किया जाएगा। अक्षय और पूर्णिमा ने बताया कि इस दौरान तीन सीक्वेंस होंगे। दोपहर 1 बजे पहला शो होगा तो शाम 4:30 बजे सैकंड शो और 7 बजे से फाइनल शो आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश भर के बच्चे रैंप वॉक करेंगे। जेजे कश्यप और मुरादाबाद व दिल्ली बेस्ड एक्ट्रेस-मॉडल निधि प्रिया गुप्ता भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। निधि ने बच्चों को ग्रूम किया। कई दिनों की ग्रूमिंग क्लास में बच्चों ने रैंप पर वॉक करने क गुर सीखे। इस दौरान उनकी मम्मियां भी साथ थीं। कुछ बच्चे मम्मियों के साथ वॉक करेंगे।

## City इवेंट्स

### खाना बनाने-पहुंचाने वालों का सम्मान




**बेधड़क. जयपुर।** अक्षय पात्र फाउंडेशन की ओर से जगतपुरा कैंपस में 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। गौरतलब है अक्षय पात्र की रसोई में रोज 1 लाख बच्चों के लिए खाना बनाया जाता है और सरकारी स्कूलों में यह भोजन जाता है। ऐसे में उन तक खाना पहुंचाना और इतनी मात्रा में रोजाना खाना बनाना आसान काम नहीं होता है। इसे अंजाम देने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान दिया गया। स्टाफ सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सांसद रामचंद्र बोहरा रहे, जिन्होंने स्टाफ के 15 कर्मचारियों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्य की प्रशंसा की और इसे एक पुण्य का कार्य बताया। अंत में संस्था उपाध्यक्ष राधा प्रिया दास ने उत्कृष्ट कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

### 250 मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के 8वें तीर्थंकर भगवान चन्द्र प्रभू व 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म व तप कल्याणक दिवस रविवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के 250 से अधिक दिगंबर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन होंगे। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ‘कोटखावदा’ ने बताया कि सुबह दोनों तीर्थंकरो के अभिषेक के बाद शांतिधारा होगी। इसके बाद श्रीजी की पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ दोनों तीर्थंकरों के जन्म व तप कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया जाएगा और महाआरती के बाद समापन होगा। खवासजी का रास्ता स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सोनियान में आचार्य चैत्य सागर महाराज ससंघ व आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में, श्योपुर के श्रीचन्द्रप्रभू दिगंबर जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका 105 श्रीभरतेश्वर मती माताजी, टोंक रोड पर बीलवा के दिगंबर जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका 105 नंगमति माताजी के सानिध्य में पूजा विधान के विशेष आयोजन होंगे।

### 50 हजार भोजन पैकेट वितरित




**बेधड़क. जयपुर।** श्रीखोले के हनुमान मंदिर ट्रस्ट ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान व महिला चिकित्सालय में 17 अक्टूबर से 5 जनवरी तक रोगियों के परिजनों व सहयोगियों को 50 हजार भोजन पैकेट वितरित किए। अधिकारियों ने बताया कि यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति ट्रस्ट अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि मंदिर समिति हर दिन 600 भोजन पैकेट आयुर्वेद संस्थान व महिला चिकित्सालय में भेज रही है।

### 17 को होगा कारसेवकों का सम्मान

## ‘रामराज्य कारसेवक संगम’ के पोस्टर का किया विमोचन




**बेधड़क | जयपुर**

अयोध्या में राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में रामराज्य महोत्सव के तहत रामराज्य चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 17 जनवरी को ‘रामराज्य कार सेवक संगम’ वैशाली स्थित रामज्योति मुख्य केंद्र कौटिल्य क्रांति परिसर में होगा। संगम में जयपुर संभाग के कार सेवकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए समिति के पदाधिकारियों ने कार सेवा के दौरान मुख्य भूमिका में रही साध्वी ऋतंभरा दीदी (वात्सल्य ग्राम वृंदावन) को वृंदावन जाकर निमंत्रण दिया। इस अवसर पर साध्वी ऋतंभरा दीदी, संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी हरिहर, पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त नरेंद्र गौड़ ने कार सेवक संगम के पोस्टर का विमोचन भी किया। साथ ही पीले चावल का कलश भी भेंट किया। आयोजन रामराज्य चेरिटेबल ट्रस्ट की अगुवाई में रवि फाउंडेशन, कौटिल्य क्रांति, विकास मित्र समूह सहित कई संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में होगा। महोत्सव संयोजक प्रीतेश माथुर ने बताया कि पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त नरेंद्र गौड़ के सानिध्य में हो रहे कार्यक्रम में जयपुर संभाग के कार सेवकों को निमंत्रण भेजा जाएगा। कार सेवा के दौरान सर्वस्व बलिदान करने वाले सेवकों के परिजनों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा, क्योंकि उनके बलिदान के कारण ही आज करोड़ों रामभक्तों का ख्वाब साकार हो रहा है।

### विद्याधर नगर में श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ

## हृदय से की गई प्रार्थना बिना पोस्टमैन पहुंचती है गंतव्य पर



**बेधड़क | जयपुर**

श्रीमद भागवत कथा से जयपुराइट्स लाभान्वित हुए। सर्दी होने के बाद भी बड़ी संख्या में लोगों ने घंटों बैठकर महाराज की बातें सुनीं। मौका था भागवत मिशन परिवार के बैनर तले गिर्राज संघ परिवार के 25वें वार्षिकोत्सव पर विद्याधर नगर सेक्टर-7 अग्रसेन अस्पताल के पीछे स्थित मैदान में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का। आचार्य गोस्वामी श्रीमृदुल कृष्ण महाराज ने कहा कि प्रार्थना एक ऐसी संस्तुति है जो अपने इष्ट के प्रति बिना किसी देरी के, बिना किसी के सहारे तत्क्षण परमात्मा के पास पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि संसार की किसी वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने के लिए पोस्टमैन की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन हृदय से समर्पित की गई प्रार्थना एक ऐसी अभिव्यक्ति है जो बिना किसी पोस्टमैन के ही तत्क्षण गंतव्य स्थान तक पहुंच जाती है। देवहूतिजी ने पति कर्दम के वन की ओर चले जाने पर पुत्र कपिल के पास आई और प्रार्थना करते हुए बोली कि हे प्रभु हमें संसार के बंधन से मक्त होने का मार्ग प्रदान करें। मां देवहूति की प्रार्थना को भगवान कपिल ने तत्क्षण स्वीकार किया और ऐसा उपदेश प्रदान किया कि देवहूतिजी संसार सागर से मुक्त होकर सिद्धिरा नाम की नदी के रूप में परिणित होकर मुक्त हो गई।

**नए रंग-नई उमंग** ‘सरगम’ ग्रुप की महिलाएं रेड थीम पर आयोजित करेंगी कार्यक्रम

# डॉक्टर्स, इंजीनियर और बिजनेस वुमन दिखाएंगी टैलेंट

**बेधड़क | जयपुर**

संगीत हर उम्र और प्रोफेशन को अपनी ओर खींचता है। कई बाथरूम सिंगर होते हैं तो कई उस सिंगिंग को मंच तक ले आते हैं। उनका प्रोफेशन कुछ भी हो, लेकिन जुबां संगीत की होती है, जिसे वे समय मिलने पर अपने एक्स्ट्रा टैलेंट के रूप में सामने लाते हैं। ऐसी ही हैं जयपुर की महिलाएं, जो डॉक्टर, लेक्चरर, बिजनेस वुमन और कई प्रोफेशनल होते हुए भी अपनी सिंगिंग को निखार रही हैं। यह निखार गुलाबी फिजा में बुधवार को देखने को मिलेगा, क्योंकि शहर की महिलाओं के प्रतिष्ठित ग्रुप ‘सरगम’की ओर से जवाहर कला केन्द्र में बॉलीवुड के सुपरहिट गीतों का कार्यक्रम ‘नए रंग-नई उमंग’आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कार्यक्रम के लोगो का विमोचन करते हुए प्रोग्राम की जानकारी दी गई। इस मौके पर सभी महिलाओं ने विचार रखे।




### 20 महिलाएं देंगी प्रस्तुति

कार्यक्रम इस बार रेड थीम पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी महिलाएं लाल रंग के परिधान पहनकर प्रस्तुति देंगी। प्रदेश की जानी मानी गायिका मुक्ता के चड्ढा के निर्देशन में कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा, जो देर रात तक स्वर लहरियों से कला प्रेमियों को आकर्षित करेगा।

### पहले आओ-पहले पाओ...

सबसे अच्छी बात है कि कार्यक्रम में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर फ्री एंट्री दी जाएगी, ताकि कोई भी कला प्रेमी इस प्रोग्राम का लुत्फ उठा सकेगा। महिलाएं गीतों की प्रस्तुति देते हुए अपनी जर्नी भी पेश करेंगी। महिलाओं के इस समूह में डॉक्टर, लेक्चरर, बिजनेस वुमन और कई प्रोफेशनल सिंगर्स शामिल हैं।

### ये रहीं उपस्थित

कार्यक्रम से पूर्व संस्था परिसर में सरगम संस्थाओं की महिलाओं ने लोगो जारी किया। इस मौके पर ग्रुप की निदेशक मुक्ता चड्ढा, अनुराधा माथुर, ऊषा अग्रवाल, राजश्री सेमंत, ममता, प्रिया बोथरा और संध्या असवाल मौजूद रहीं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 06 जनवरी, 2024





दो सबसे शक्तिशाली योद्धा हैं- धैर्य और समय।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## इंडोनेशिया के जावा द्वीप में टकराई दो ट्रेन



*जकार्ता। इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा पर शुक्रवार को दो रेलगाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस हादसे में ट्रेन के डिब्बे पलट गए। इसमें अब तक तीन लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि एक ट्रेन स्थानीय कम्यूटर लाइन थी और दूसरी सुरबाया शहर से आ रही थी। इसी दौरान ट्रेन ने सिसलेंग्का स्टेशन से पदालारंग की ओर जा रही एक कम्यूटर ट्रेन को टक्कर मार दी।*

### खालिस्तान समर्थकों की दो हफ्ते में दूसरी करतूत

# कैलिफोर्निया में फिर हिंदू मंदिर में की तोड़फोड़

**एजेंसी** | कैलिफोर्निया

अमेरिका में हिंदुओं के मंदिरों पर हमले थम नहीं रहे हैं। कैलिफोर्निया के हेवर्ड में स्थित मां शेरावली मंदिर को खालिस्तानियों ने निशाना बनाया है। अमेरिका में 14 दिन के भीतर यह दूसरा मामला है, जब किसी मंदिर पर हमला किया गया। खालिस्तान समर्थकों ने मंदिर के बोर्ड पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लिखे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी अपमानजनक शब्द लिखे हैं। इस वारदात की जानकारी अमेरिका में हिंदुओं के लिए काम करने वाली संस्था हिंदू अमेरिकन फांउडेशन ने दी।

अमेरिका के कैलिफोर्निया में फिर एक मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। कैलिफर्निया के हेवर्ड में एक हिंदू मंदिर पर भारत विरोधी भित्तिचित्रों से हमला किया गया है। खालिस्तानी समर्थकों ने विजय के शेरावाली मंदिर के बाहर भारत विरोधी भित्ति चित्र लगाए हैं। खालिस्तानियों की यह करतूत कैलिफोर्निया में ही स्वामीनारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ की घटना के दो सप्ताह बाद हुई है। उसी क्षेत्र में शिव दुर्गा मंदिर में चोरी भी हुई थी।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (HAF) ने मंदिर में हुई तोड़फोड़ के बारे में जानकारी दी है। HAF ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि वे मंदिर के नेताओं के साथ-साथ अल्मेडा पुलिस विभाग के साथ-साथ न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के संपर्क में हैं।




**विदेश मंत्री ने जताई थी चिंता:** इससे पहले दिसंबर में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नेवार्क मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने तब इस पर चिंता जताते हुए कहा था कि भारत के बाहर के चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि हमारे वाणिज्य दूतावास ने (अमेरिकी) सरकार और वहां की पुलिस के पास उसके बारे में शिकायत दर्ज कराई है। अमेरिकी सरकार ने भी उस घटना पर चिंता जताई थी।

### सोमालिया में हाईजैक जहाज से सुरक्षित निकाले गए 21 क्रू मेंबर

# कमांडो ऑपरेशन सफल

**एजेंसी** | मोगादिशू

अरब सागर में सोमालिया के तट के पास हाईजैक हुए जहाज पर भारतीय नौसेना का ऑपरेशन शुक्रवार रात पूरा हो गया है। 15 भारतीयों समेत सभी 21 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया। नौसेना के मार्कोस कमांडो ने जहाज की सर्चिंग की। इस दौरान समुद्री लुटेरे जहाज पर नहीं मिले। हाईजैक किए गए जहाज को छुड़ाने के लिए नौसेना के जहाज INS चेन्नई को रवाना किया गया था। माना जा रहा है कि भारतीय नौसेना की सख्त चेतावनी से डरकर हाईजैकर जहाज को छोड़कर भाग गए।

इससे पूर्व अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय नेवी को जहाज के हाइजैक होने की कल सूचना मिली थी। इसके मुताबिक, यह जहाज सोमालिया के तट के पास से हाइजैक हुआ है। जहाज पर लाइबेरिया का झंडा लगा है और इसका नाम जहाज 'एमवी लीला नॉरफॉक' है। इस पर चालक दल के 15 भारतीय सदस्य सवार हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, हाइजैक किए गए जहाज की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने के लिए भारतीय नौसेना के विमानों को तैनात किया गया है। चालक दल के साथ कम्युनिकेशन सफलतापूर्वक स्थापित कर लिया गया है। इससे जहाज की स्थिति का आकलन करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई सोमालिया तट के पास अपहृत जहाज एमवी लीला नोरफोक के पास पहुंच गया है। भारतीय युद्धपोत ने अपना हेलिकॉप्टर उतार दिया है।




#### भारत ने बढ़ाया निगरानी तंत्र

भारतीय नौसेना ने हाल में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं के मद्देनजर अरब सागर और अदन की खाड़ी में अपने निगरानी तंत्र को बढ़ा दिया है। नौसेना ने अग्रिम पंक्ति के विध्वंसक और युद्धपोत तैनात करके निगरानी के स्तर को बढ़ाया है। नौसेना ने कहा, पिछले कुछ हफ्तों में लाल सागर, अदन की खाड़ी और मध्य/उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों समुद्री सुरक्षा से संबंधित घटनाएं बढ़ी हैं। भारतीय नौसेना ने कहा कि उसके जहाज और विमान निगरानी बढ़ाने और समुद्री सुरक्षा अभियान चलाने के लिए 'मिशन अवस्था में तैनात' रहेंगे।

## लाल सागर की रक्षा करेंगे कई देश

**एजेंसी** | वाशिंगटन

लाल सागर में हूती हमलों में तेजी के बीच समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 20 से अधिक देश अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गए हैं। अमेरिकी नौसेना बल सेंट्रल कमांड (एनएवीसीईएनटी) के कमांडर वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा, 'कुल मिलाकर 20 से अधिक देश समुद्री सुरक्षा अभियान में शामिल हो गए हैं।

## हिजबुल्लाह के ठिकानों पर अटैक

**एजेंसी** | तेल अवीव

हमास के बाद अब इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह पर हमले शुरू कर दिए हैं। इन हमलों में 16 लोग मारे गए हैं। इनमें इस्लामिक जिहाद का कमांडर महमूद शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इजराइल ने अब लेबनान पर एयरस्ट्राइक की नई स्ट्रैटेजी अपनाई है। इसके तहत लेबनान को हिजबुल्लाह के ठिकाने खुद तबाह करने को कहा जा रहा है और उस पर दबाव डाला जा रहा है। दूसरी तरफ, लेबनान की तरफ से अब तक हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमलों को लेकर किसी तरह का बयान जारी नहीं किया गया है। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 2024 की पहली विदेश यात्रा के तहत मिडिल ईस्ट जा रहे हैं। माना जा रहा है कि ब्लिंकन खाड़ी देशों के दौरे के बाद इजराइल भी जाएंगे।



### ईरान पर हुए आतंकी हमले में गई थी सैकड़ों की जान

# SI ने किए थे करमानी शहर पर धमाके

**एजेंसी** | तेहरान

ईरान के करमानी शहर पर पूर्व जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र पर 10 मिनट के अंदर दो बम धमाके करने वाले का पता लग गया है। इस्लामिक स्टेट ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले को ईरान ने आतंकवादी हमला करार दिया था। इस आतंकी हमले में 103 लोग मारे गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, 3 जनवरी को सैकड़ों की संख्या में लोग सुलेमानी को श्रद्धांजलि देने के लिए कब्र पर इकट्ठा हुए थे। शोक समारोह कार्यक्रम चल रहा था, तभी सिलसिलेवार धमाके हुए। इस्लामिक स्टेट ने ईरान में हुए दो विस्फोटों की जिम्मेदारी ली है। इस्लामिक स्टेट ने अपने सहयोगी टेलीग्राम चैनलों पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए एक बयान पोस्ट किया है।








### दक्षिण कोरिया को धमकाया

# उत्तर कोरिया ने दागे 200 राउंड बम

**एजेंसी** | सियोल

उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर 200 राउंड बम के गोले दाग दिए। हालांकि ये बम दक्षिण कोरियाई इलाके में नहीं गिरे हैं, लेकिन फिर भी इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दक्षिण कोरिया की सेना ने इस हमले की जानकारी दी है। सेना ने कहा, उत्तर कोरिया ने दक्षिण की ओर योनपेयोंग द्वीप की ओर बड़ी 200 राउंड आर्टिलरी फायरिंग की है। इसके तुरंत बाद दक्षिण कोरिया ने द्वीप पर रह रहे 2 हजार लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी जारी कर दी। दक्षिण कोरिया ने इस कदम की निंदा करते हुए इसे 'उकसाने वाली कार्रवाई' करार दिया है।



#### पहले भी किए जा चुके हैं कई हमले

हाल ही में साउथ कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच तनाव को कम करने के लिए समझौते हुए थे, लेकिन जाहिर है इस घटना के बाद ये समझौता खत्म हो चुका है। दिसंबर 2022 में उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरियाई सीमा से सटे समंदर में बम बरसाए थे। साल 2010 में भी किम जोंग उन ने योनपेयोंग द्वीप पर हमला किया था जिसमें 4 लोग मारे गए थे।

#### नुकसान की अभी कोई खबर नहीं

अभी तक इस हमले से किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह गोले दक्षिण कोरिया के क्षेत्र में नहीं गिरे हैं। गोलो दागे जाने की वजह से इलाके में हड़कंप मच गया। इसके पहले उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका पर इस क्षेत्र में युद्ध भड़काने का आरोप लगाया था। उत्तर कोरिया के हालिया बयानों से क्षेत्र में युद्ध की आशंका बढ़ गई है। अगर इस क्षेत्र में युद्ध शुरू हुआ तो इसका प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ेगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl